▪ चैत्र कृष्णा - 8 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 246 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 02-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 मोदी पर उंगली उठाने वाले भारत के विकास में अवरोधक : योगी आदित्यनाथ
6 बांग्लादेश में भारत के दुश्मन कौन?
7 ऋषभ पंत को लेकर फिर ट्रोल हुईं उर्वशी रौतेला

## फर्स्ट टेक

### इजराइल में अल जजीरा के प्रसारण पर लगी रोक

**दीर अल-बलाह/एपी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि वह समाचार चैनल 'अल जजीरा' के प्रसारण पर तत्काल रोक लगा रहे हैं।

**इजराइल के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप**

संसद द्वारा सोमवार को एक कानून पारित करने के बाद नेतन्याहू ने ''आतंकी चैनल'' को बंद करने का संकल्प जताया। यह कानून पारित होने के बाद सरकार के लिए अल जजीरा का इजराइल में प्रसारण रोकने का रास्ता साफ हो गया। नेतन्याहू ने अल जजीरा पर इजराइली सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, सात अक्टूबर के हमास हमलों में भाग लेने और इजराइल के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

### बांदा के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

**बांदा (उप्र)/भाषा।** बांदा के राजकीय मेडिकल कॉलेज में माफिया से नेता बने पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत के कुछ घंटों बाद ही बांदा के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को फोन कॉल पर जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, इस सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई और जेल अधीक्षक की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई है। बांदा के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने सोमवार की शाम 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बांदा मंडल कारागार (जेल) के वरिष्ठ अधीक्षक वीरेश राज शर्मा को लैंडलाइन फोन से जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामले में बांदा नगर कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### गाजा के मुख्य अस्पताल से हटी इजराइली सेना

**देर अल-बला (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइली सेना ने दो हफ्तों तक किए गए हमलों के बाद गाजा के मुख्य अस्पताल से अपने सैनिकों को हटा लिया और अपने पीछे तबाही के बड़े निशान छोड़ दिए हैं। फलस्तीनी निवासियों ने यह जानकारी दी। इजराइली सैनिकों को हटाए जाने के बाद सोमवार को सुबह सैकड़ों लोग शिफा अस्पताल और आसपास के इलाकों में लौटे जहां उन्हें अस्पताल के अंदर और बाहर शव पड़े मिले। इजराइली सेना ने इस हमले को करीब छह महीने से चल रहे युद्ध के सबसे सफल अभियान में से एक बताया और कहा कि उसने सैकड़ों हमास और अन्य आतंकवादियों को मार गिराया तथा कुछ अहम खुफिया दस्तावेज भी जब्त किए।

| 02-04-2024 | 03-04-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:31 बजे | सूर्योदय 6:14 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,014.55 | 22,462.00 |
| (+639.16) | (+135.10) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,055 रु. | 77,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### डिबेटिए एंकर

चैनल पर पैनल वालों से,
एंकर की भाषा तू तड़ाक।
किससे सुनना या ना सुनना,
इस पर वे रहते हैं अड़ाक।
पूर्वाग्रह रखते मुद्दे पर,
भाषा संभाषण में भड़ाक।
उनके मत से यदि हुए भिन्न,
बन जाते वे तगड़े लड़ाक।।

**अदालत द्वारा 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे गये**

# तिहाड़ जेल में केजरीवाल

## 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की एक अदालत द्वारा 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सोमवार को तिहाड़ जेल लाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि केजरीवाल अपनी कोठरी में चौबीस घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेंगे और वह टीवी देख सकते हैं और किताबें पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी जेल में बंद होने वाले पहले मौजूदा मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल नंबर 2 में रखा गया है और अदालत के आदेश के अनुसार उन्हें घर का बना खाना दिया जाएगा।

केजरीवाल को जो पुस्तकें प्रदान की जाएंगी उनमें हिंदू महाकाव्य रामायण और महाभारत और 'हाऊ प्राइममिनिस्टर्स डिसाइड' शामिल हैं। उन्हें एक धार्मिक लॉकेट पहनने की भी अनुमति होगी।




### केजरीवाल ने गोलमोल जवाब दिए : ईडी

**नई दिल्ली/भाषा।** ईडी ने कहा कि केजरीवाल एजेंसी को गुमराह कर रहे थे। ईडी ने कहा कि वह अब भी मुख्यमंत्री की भूमिका की जांच कर रही है, अपराध की आय का पता लगा रही है और अपराध की आय से संबंधित गतिविधियों में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान कर रही है। ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली अपनी याचिका में कहा कि हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते नजर आए और जानकारी छिपायी। उसने कहा कि नौ दिनों की अवधि में मुख्यमंत्री के बयान लिए गए और विभिन्न गवाहों, सरकारी गवाहों और अन्य सह-आरोपियों के बयानों से उनका सामना कराया गया। याचिका में केजरीवाल द्वारा सवालों के गोलमोल जवाब देने के कुछ उदाहरण सूचीबद्ध किए गए। इसमें कहा गया, उन्होंने (केजरीवाल ने) कहा कि विजय नायर उन्हें नहीं बल्कि **आतिशी मार्लेना** और **सौरभ भारद्वाज** को रिपोर्ट करता था और नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। याचिका में कहा गया कि हालांकि, नायर के बयानों से पता चला है कि वह एक कैबिनेट मंत्री के बंगले में रहता था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय से काम करता था। इसमें कहा गया, गिरफ्तार व्यक्ति (केजरीवाल) को यह समझाने के लिए भी कहा गया था कि जो व्यक्ति आप के अन्य नेताओं को रिपोर्ट करता था, वह उनके शिविर कार्यालय से काम क्यों करेगा, जो दिल्ली के मुख्यमंत्री के काम के लिए है, न कि पार्टी के लिए। केजरीवाल ने यह दावा करते हुए जवाब टाल दिया कि मुख्यमंत्री शिविर कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है।

### 'दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रहेंगे केजरीवाल'

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में शहर की एक अदालत द्वारा 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि उनकी जगह कौन लेगा। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने दावा किया है कि केजरीवाल सरकार का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, चाहे उन्हें कितने भी समय तक जेल में रहना पड़े। सूत्रों ने कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक की पत्नी सुनीता केजरीवाल द्वारा आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है। उन्होंने रविवार को यहां रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली से अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कैबिनेट मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख गोपाल राय सहित पार्टी के अन्य नेताओं के भी ''अधिक सक्रिय'' भूमिका निभाने की संभावना है।

**उच्चतम न्यायालय ने किया**

## भोजशाला के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से इनकार



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन भोजशाला परिसर के ''वैज्ञानिक सर्वेक्षण'' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि एएसआई के सर्वेक्षण के परिणाम पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए। हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के इस परिसर पर अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई द्वारा सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेल्फेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा, ''चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए।'' उसने कहा, ''यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए जिससे परिसर का चरित्र बदल जाए।''

## मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी



**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली की जिला अदालत ने 2010 में हुए दंगे के आरोपी इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करते हुए आठ अप्रैल को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुनिति पाठक ने बताया कि जनपद न्यायाधीश विनोद कुमार दुबे की अदालत में मामले को लेकर सोमवार को सुनवाई हुई। उन्होंने बताया कि इस दौरान तौकीर रजा के पेश नहीं होने पर अदालत ने नाखुशी जताई और गैर जमानती वारंट जारी किया है। पाठक ने बताया कि रजा के अदालत में पेश नहीं होने पर संपत्ति कुर्क के भी आदेश दिए गए। उन्होंने बताया कि अदालत ने 2010 के बरेली दंगे में पिछले दिनों रजा को मुख्य साजिशकर्ता करार दिया था और उनके विरुद्ध समन जारी किया गया था।

## भारत का राज्य है अरुणाचल

### नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सूरत/भाषा।** चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा, अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा? अरुणाचल प्रदेश एक भारतीय राज्य था, एक भारतीय राज्य है और भविष्य में भी रहेगा। नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। वह भारतीय राज्य पर दावा करने के बीजिंग के नवीनतम कदम पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।



रूस-यूक्रेन सीमा पर रूसी सेना के साथ कुछ भारतीयों को लड़ने के लिए मजबूर किए जाने के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि युद्ध क्षेत्र में दो भारतीयों की मौत के बाद भारत सरकार ने अपने रूसी समकक्ष के सामने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया है। उन्होंने यह भी कहा कि रूसी सेना में सेवा के लिए गलत तरीके से नियुक्त किए गए 23 से 24 भारतीयों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं। विदेश मंत्री ने कहा, अब तक, दो भारतीयों की जान जा चुकी है। उनके शवों को रूस से वापस लाने में कुछ समय लगा क्योंकि यह इतना आसान नहीं था। हमने इस मुद्दे को रूस के सामने दृढ़ता से उठाया, चाहे वह मॉस्को में हमारे राजदूत हों या नई दिल्ली में रूसी राजदूत से हमारे विदेश सचिव की बैठक हो।'' जयशंकर ने कहा, यह पूरी तरह से गलत है। किसी भी भारतीय को कभी भी किसी अन्य देश की सेना में सेवा नहीं देनी चाहिए। यदि कोई बिचौलिया भारतीयों को भर्ती करने में शामिल है, तो उन्हें रोकने की जिम्मेदारी रूस की है। हम लगभग 23 से 24 भारतीयों को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं जो अभी भी वहां हैं।

▪ **रूसी सेना में सेवा के लिए गलत तरीके से नियुक्त किए गए 23 से 24 भारतीयों को वापस लाने के प्रयास जारी हैं।**

## कुत्तों की 23 नस्लों के प्रजनन पर रोक : अदालत ने केंद्र को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार से उस याचिका पर अपने रुख से अवगत कराने को कहा जिसमें आरोप लगाया गया कि 23 नस्लों के कुत्तों की बिक्री और प्रजनन पर रोक मनमानी और संविधान का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने एक पेशेवर कुत्ता प्रजनक और 'विशेष श्रेणी के कुत्तों के शौकीन' एक डॉक्टर की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब देने को कहा। याचिका में दावा किया गया कि यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई अध्ययन नहीं किया गया कि कुत्तों की उक्त नस्लें 'आक्रमक' हैं और उन पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। इसमें दावा किया गया कि प्रतिबंध लगाने का निर्देश संविधान के तहत नागरिकों को कोई भी पेशा, व्यापार या व्यवसाय को करने के अधिकार का उल्लंघन करता है। केंद्र ने पालतू कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं के बीच, 12 मार्च को राज्यों को पिटबुल टेरियर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवाइलर और मास्टिफ्स सहित 'आक्रमक' कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।

## अप्रैल-जून में अत्यधिक गर्मी का अनुमान

### मध्य, पश्चिमी भागों पर सबसे बुरे प्रभाव की आशंका : आईएमडी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मौसम विभाग ने सोमवार को कहा कि भारत में अप्रैल से जून तक की अवधि के दौरान अत्यधिक गर्मी पड़ेगी और इसका मध्य एवं पश्चिमी प्रायद्वीपीय भागों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का यह अनुमान ऐसे समय आया है जब देश सात चरणों में होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहा है।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल-जून की अवधि के दौरान देश के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत में इसका सबसे बुरा असर पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, पूर्वोत्तर राज्यों और उत्तरी ओडिशा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान के सामान्य या सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।



▪ **गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा असर पड़ सकता है।**

महापात्र के अनुसार, इस अवधि के दौरान मैदानी इलाकों के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्म हवा चलने की संभावना है। देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिनों की तुलना में दस से 20 दिन तक लू चलने का अनुमान है।

आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि गुजरात, मध्य महाराष्ट्र, उत्तरी कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, ओडिशा, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में गर्मी का सबसे बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में देश के ज्यादातर हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने तथा मध्य दक्षिण भारत में इसकी ज्यादा संभावना है।

महापात्र ने कहा कि अप्रैल में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने का अनुमान है।




## देशभर में लागू हो गया 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे।

सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ा दी थी। फास्टैग भारत में टोल संग्रह की इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था है और इसका संचालन एनएचएआई करता है। इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली की दक्षता बढ़ाने और टोल प्लाजा पर सुगम आवाजाही के लिए एनएचएआई ने 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल शुरू की है।

## रक्षा निर्यात पहली बार 21,000 करोड़ के आंकड़े से पार

**नई दिल्ली/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि देश का रक्षा निर्यात स्वतंत्र भारत के इतिहास में 'पहली बार' 21,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करके 'अभूतपूर्व बुलंदी' पर पहुंच गया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने एक पोस्ट में कहा, सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व बुलंदी पर पहुंच गया है और यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है। मई 2023 में रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा था कि सरकार के 'आत्मनिर्भरता' पर ध्यान केंद्रित करने के साथ 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड' के उद्देश्य को हासिल करने के लिहाज से हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में 'महत्वपूर्ण प्रगति' हुई है।

## भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे। उन्होंने कहा, हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।

मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं।



मोदी ने कहा कि 'ट्वीन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया।

मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दुनियाभर में रुपए को अधिक सुलभ और स्वीकार्य बनाने के प्रयासों पर जोर दिया।



# सफलता के लिए पहले लक्ष्य निर्धारित करो फिर रास्ता चुनो : आचार्य जिनमणिप्रभसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोप्पल। प्रकृति द्वारा दिए गए तत्वों पृथ्वी, पानी, अग्नि और वायु आदि के लिए प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का भाव रखकर इन तत्वों में उपस्थित जीवों के प्रति करूणाभाव से उनके संरक्षण के प्रति जागरूक रहकर इन तत्वों के दुरूपयोग से स्वयं को रोकने के दायित्व निर्वहन का संदेश देते हुए आचार्यश्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी ने कहा कि सफलता के लिए पहले लक्ष्य का निर्धारण करो और फिर मंजिल तक पहुँचने के लिए रास्ता चुनो। रास्ते का चुनाव पहले कर मंजिल तक पहुँचना संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के जीवनदायी उपादानों के प्रयोग में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता भाव के साथ हमें उनके दुरूपयोग से बचना चाहिए और इन उपादानों में उपस्थित जीवों का भी संरक्षण करना चाहिए। सामाजिक जीवन में सहयोग को आवश्यक बताते हुए आचार्यश्री ने कहा कि अच्छाई को सम्मान और बुराई की उपेक्षा सामाजिक व्यवहार है। जीवन में सफलता के लिए हमें पहले जीवन लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और फिर उस मंजिल तक पहुँचने का रास्ता चुनना चाहिए्। रास्ते का चुनाव पहले करने से मंजिल तक पहुँचना संभव नहीं है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**शीतला माता की कथा**

बेलन्दूर में शीतला माताजी के मंदिर पर मारवाड़ी महिलाओं द्वारा सोमवार को शीतला माता की पूजा-अर्चना कर माता को बासोड़ा का भोग लगाया। माता की कथा कर अपने परिवार पर माता की कृपा दृष्टि बनाये रखने की आराधना की।इस मौके पर अनेक राजस्थानी मारवाड़ी महिलाएं उपस्थित थीं।

# मुख्यमंत्री सैनी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को 'ठगबंधन' करार दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को 'ठगबंधन' करार देते हुए आरोप लगाया कि इसके नेताओं का काम प्रतिदिन 'झूठ' बोलना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'अपशब्द' का इस्तेमाल करना है। सैनी ने 'इंडिया' की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित एक रैली के एक दिन बाद उसके नेताओं की आलोचना की।



गौरतलब है कि 'इंडिया' के शीर्ष नेताओं ने रविवार को लोगों से लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हराने का आह्वान किया। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने यह भी आरोप लगाया था कि लोकसभा चुनाव में सरकार की 'निरंकुश' कार्रवाई से विपक्ष को समान अवसर से वंचित कर दिया गया है। यहां भाजपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि पूरे देश ने रविवार को रामलीला मैदान में 'भ्रष्टाचार के भाईचारे' का दृश्य देखा है। सैनी ने कहा कि उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधा। सैनी ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि कैसे 'घमंडिया गठबंधन' (अहंकारी गठबंधन) के नेताओं ने अपने भ्रष्टाचार को उचित ठहराया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, ऐसा लगा कि यह घोटालेबाजों की बारात थी। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा, वे हर दिन भ्रष्टाचार में लिप्त होते हैं और साथ ही, वे यह भी चाहते हैं कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो।



# अक्कीपेट नवयुवक मंडल ने दो गौशालाओं में की गौसेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन नवयुवक मंडल अक्कीपेट की ओर से कनकपुरा रोड स्थित ऋषभ कामधेनु गौशाला एंव अमृतधारा गौशाला में गायों के लिए दो ट्रक हरी घास, केला अन्य पशु आहार सामग्री एवं गौशाला में आर्थिक सहयोग दिया गया। हितेश कांकालिया के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष कमलेश सालेचा ने स्वागत किया। हनुमान चौपडा परिवार के मुख्य सौजन्य से किरण सालेचा, अशोक पारलेचा का विशेष सहयोग रहा। धर्मेंद्र लुकड, कांति सालेचा, राज लुकड़, निर्मल लुकड़, पंकज विनायकिया, राजेंद्र बाफना, महावीर भंसाली, अरविंद कानूंगा, महावीर छाजेड़, विकास पारख, आशिक भंसाली समेत लगभग 110 सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेस की 5 गारंटियां देश के लिए आशा की नई किरण : दीपक बैज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/दक्षिण भारत।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने सोमवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस द्वारा जनता को जो 5 गारंटियां दी गई हैं, इससे वह देश के वास्ते आशा की नई किरण बन कर आई है।

बैज ने कहा कि युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिक न्याय देश को और सशक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर महिला को साल में एक लाख रुपए यानी हर महीने 8,333 रुपए मिलेंगे। केंद्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की होंगी। आशा वर्कर, आंगनबाड़ी तथा मिड डे मील कार्यकर्ताओं को मिलने वाली केन्द्रीय सहायता दुगुनी की जाएगी। देश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा। बैज ने कहा कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। डॉ. स्वामीनाथन आयोग के फॉर्मूले के अनुसार एमएसपी का निर्धारण होगा। फसलों का नुक़सान होने पर 30 दिनों के अंदर बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा। किसान जीएसटी मुक्त होंगे। कृषि में इस्तेमाल होने वाले सामानों को टैक्स से छूट दी जाएगी। बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार कैलेंडर के अनुसार 30 लाख नई नौकरियां देगी। पहली नौकरी पक्की, हर शिक्षित युवा को एक साल की प्रशिक्षुता द्वारा 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। पेपर लीक से मुक्ति मिलेगी। पेपर लीक को पूरी तरह से



रोकने के लिए नीति बनाई जाएगी। गिग अर्थव्यवस्था में सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी, युवाओं के लिए कामकाज की बेहतर स्थितियां बनाई जाएंगी। युवा रोशनी के तहत युवाओं के लिए 5,000 करोड़ रुपए का स्टार्टअप फंड होगा। बैज ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 रुपए करने की गारंटी है। इससे देश के मजदूरों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अधिकार के तौर पर मुफ्त आवश्यक डायग्नोस्टिक दवाएं, उपचार, सर्जरी और पुनर्वास उपचार और पैलिएटिव केयर सुनिश्चित की जाएंगी। शहरी क्षेत्रों के लिए रोजगार गारंटी अधिनियम होगा। असंगठित श्रमिकों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा सुनिश्चित किया जाएगा। सरकारी कार्यों में कांट्रैक्ट सिस्टम बंद होगा। बैज ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटा दी जाएगी। जनसंख्या हिस्सेदारी के अनुसार एससी, एसटी उप-बजट की गारंटी दी जाएगी। वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित दावों का एक साल के भीतर समाधान किया जाएगा। जहां एसटी सबसे बड़ा सामाजिक समूह है, वे अनुसूचित क्षेत्र घोषित किए जाएंगे। बैज ने कहा कि जनता कुशासन से मुक्ति पाकर अपने लिए विकास और समृद्धि के नए द्वार खोलेगी।

# छत्तीसगढ़ भाजपा के 'शब्दबाण' : सरकार में रहकर कुछ नहीं करती कांग्रेस, इसकी घोषणाएं फर्जी

**कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस द्वारा किसानों के लिए की गई घोषणाओं पर भी सवाल उठाए**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायपुर/दक्षिण भारत।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की प्रेसवार्ता के बाद भाजपा ने विपक्षी दल पर खूब शब्दबाण छोड़े। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने बैज द्वारा की गईं घोषणाओं को फर्जी करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह ही कांग्रेस की घोषणाएं भी फर्जी हैं।

कश्यप ने कहा कि जिन लोगों ने पिछले पांच वर्षों में महिलाओं को वादे के मुताबिक 500 रुपए नहीं दिए, वे अब आठ हजार रुपए हर महीने देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि इसी वजह से कांग्रेस हर जगह से खदेड़ी जा रही है।

कश्यप ने कांग्रेस द्वारा किसानों के हितों के लिए की गईं घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ न्याय की बात तो करती है, लेकिन जब उसने केंद्र में 10 साल लगातार राज किया तो किसानों को 4.4 लाख करोड़ रुपए का ही भुगतान किया। वहीं, मोदी सरकार में यह आंकड़ा 12 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

कश्यप ने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस सरकार में होती है, तब कुछ नहीं करती, लेकिन विपक्ष में आते ही बड़ी-बड़ी बातें करने लग जाती है। उन्होंने




छत्तीसगढ़ में पिछले कांग्रेस शासन में युवाओं को नौकरी न मिलने, पीएससी घोटाला, 15 हजार करोड़ रु. का बेरोजगारी भत्ता न दिए जाने, परेशान युवाओं के प्रदर्शन करने जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने कांग्रेस पर 'अन्याय' का आरोप लगाते हुए उसकी घोषणाओं को हास्यास्पद बताया। कश्यप ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पत्रकारों को यह नहीं बता पाए कि कितनी महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर देशभर में 50 करोड़ महिलाओं को भी यह राशि दी जाए तो 50 लाख करोड़ रुपए की जरूरत होगी, जो देश के एक साल के बजट के बराबर है। उन्होंने कांग्रेस की सभी

# आयकर विभाग का जो नियम कांग्रेस पर लागू हुआ, वह भाजपा पर लागू क्यों नहीं होता : प्रियंका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पार्टी को आयकर विभाग की ओर से 3500 करोड़ रुपए से अधिक के जुर्माने का नोटिस मिलने का हवाला देते हुए सोमवार को दावा किया कि नियमों के उल्लंघन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई जबकि उस पर 4,600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। उन्होंने यह सवाल किया कि जो नियम कांग्रेस पर लागू किया जा रहा है वही नियम भाजपा पर क्यों लागू नहीं होता?

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के कर की मांग की गई है। आयकर



विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपए के कर की मांग की जा चुकी है।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, कांग्रेस पर 3,567 करोड़ का जुर्माना क्यों? कांग्रेस पर आरोप है कि 1994-95 में, फिर 2014-15 और 2016-17 में पार्टी के खाते में नेताओं-कार्यकर्ताओं ने कुछ पैसे जमा कराए थे जिसकी एक-एक जानकारी पहले ही आयकर विभाग को साझा की जा चुकी थी। मगर सरकार कांग्रेस पर जानकारी न देने का मनमाना आरोप थोप रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सजा मिली तथा उसके खाते से आयकर विभाग ने 135 करोड़ रुपए निकाल लिए, 3567 करोड़ का जुर्माने का नोटिस दिया और कांग्रेस के बैंक खाते बंद कर दिए।

कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि भाजपा के पैसों का जो हिसाब-किताब चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मौजूद है, उसके मुताबिक, 2017-18 में 1297 लोगों ने बिना नाम-पते के, बिना पूरी जानकारी के भाजपा को 42 करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस बेनामी 42 करोड़ रुपए की आय पर आयकर विभाग को न कोई आपत्ति है, न कोई कार्रवाई हुई है।

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, राजनीतिक दलों के पैसों के हिसाब-किताब के नियमों का जो उल्लंघन भाजपा ने किया है, उसके लिए उस पर 4600 करोड़ रुपए का जुर्माना बनता है। लेकिन उस पर चूं की आवाज भी नहीं उठती। उन्होंने सवाल किया कि जो नियम कांग्रेस पर लागू किया जा रहा है वही नियम भाजपा पर क्यों लागू नहीं होता?

# जीएसटी संग्रह मार्च में 1.78 लाख करोड़ रुपए पर, अबतक का दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली/भाषा।** बीते वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सालाना आधार पर 11.5 प्रतिशत बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपए हो गया।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ रुपए दर्ज किया गया था।

मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपए हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11.7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक था।

# चुनाव से पहले भाजपा खेल रही झूठ और फरेब का खेल : कमलनाथ



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** कांग्रेस नेता कमलनाथ ने अपने संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा से कुछ विश्वस्त नेताओं के दल बदलने की पृष्ठभूमि में सोमवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव से पहले 'झूठ, फरेब और सौदेबाजी का खेल' खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में धनबल, बाहुबल और प्रशासन की शक्ति का दुरुपयोग कर रही है और नेताओं को धमकाया जा रहा है।

कमलनाथ के करीबी विधायक कमलेश शाह गत शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए तो छिंदवाड़ा से महापौर विक्रम अहाके ने भी सोमवार को सत्तारूढ़ दल की सदस्यता ले ली। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस राज्य की 29 सीटों में से केवल छिंदवाड़ा ही अपने हिस्से में रख पाई थी और बाकी 28 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। कमलनाथ इस संसदीय क्षेत्र से नौ बार सांसद रह चुके हैं और अब उनके बेटे नकुलनाथ सांसद है।

कमलनाथ ने 'एक्स' पर लिखा कि वह पिछले 45 साल से छिंदवाड़ा को देश का सबसे विकसित क्षेत्र बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा उनकी 'कर्मभूमि' रहा है लेकिन भाजपा इस पवित्र जगह को 'रणभूमि' बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा की जनता बहुत ध्यान से भाजपा के इस कृत्य को देख रही है और उन्होंने सटीक जवाब देने का मन बना लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हर चुनाव से पहले भाजपा झूठ, फरेब और सौदेबाजी का खेल खेलती है।




# उत्तराखंड : आदि कैलाश, ओम पर्वत के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पिथौरागढ़/भाषा।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटक स्थलों आदि कैलाश तथा ओमपर्वत के लिए सोमवार को हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो गई।

अधिकारियों ने यहां बताया कि इस हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत पिथौरागढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष मिश्रा ने नैनी सैंणी हवाई अडडे से की। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार की हेली दर्शन योजना के तहत एमआई17 हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को हवाई अडडे से व्यास घाटी क्षेत्र में आदि कैलाश और ओम पर्वत तक ले जाएगा और चोटियों के उपर कुछ देर चक्कर लगाने के बाद वापस हवाई अड्डे पहुंचाएगा। पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्तिचंद्र आर्य ने बताया कि स्काई वन एयरवेज द्वारा संचालित दो घंटे के इस दौरे की लागत प्रति व्यक्ति 40 हजार रुपए होगी और इस पर जीएसटी अलग से देय होगा। उन्होंने बताया कि आदि कैलाश और ओम पर्वत की इस उद्घाटन उड़ान में 16 श्रद्धालुओं ने यात्रा की।

फिलहाल इस योजना को प्रयोग के तौर पर चलाया जा रहा है। आर्य ने कहा, अगर यह प्रयोग सफल हुआ तो अगले माह से यह उड़ान श्रद्धालुओं को सप्ताह में पांच दिन उपलब्ध रहेगी। मिश्रा ने बताया कि यह योजना राज्य के लिए एक उपलब्धि है और इससे आदि कैलाश क्षेत्र को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश का दर्शन किए जाने से पर्यटकों और श्रद्धालुओं में इन धार्मिक पर्यटन स्थलों की लोकप्रियता में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है।

# एशियाई देशों की वृद्धि इस साल धीमी पड़कर 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान : विश्व बैंक

THE WORLD BANK

**विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में बढ़ रही है अधिक गति से**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बैंकॉक/एपी।** विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है।

विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है।

विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है।

इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

विश्व बैंक के पूर्व एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के मुख्य अर्थशास्त्री आदित्य मट्टू ने संवाददाताओं से ऑनलाइन बातचीत में कहा, यह रिपोर्ट दर्शाती है कि यह क्षेत्र दुनिया के बाकी हिस्सों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन यह इसकी अपनी क्षमता से थोड़ा कम है।

मट्टू ने कहा कि इस कमतर प्रदर्शन की एक बड़ी वजह यह है कि एशियाई देशों की अग्रणी कंपनियां वह भूमिका नहीं निभा रही हैं जो उन्हें निभानी चाहिए। इसके अलावा चीन की अर्थव्यवस्था की सुस्त रफ्तार भी एक जोखिम पैदा कर रही है।

# मकान में घुसा तेंदुआ, 5 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उत्तरी दिल्ली में वजीराबाद के एक गांव में सोमवार को सुबह एक तेंदुआ घुस आया और उसने कम से कम पांच लोगों को घायल कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेंदुए के गांव में घुस आने के कारण स्थानीय लोग घबरा गए। दिल्ली दमकल सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि तेंदुए को बाद में वहां से ले जाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ जगतपुर गांव में एक घर की छत से कूद कर समीप की इमारत में घुस गया जहां उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में कुछ लोग तेंदुए का पीछा करते हुए और कुछ लोग दहशत में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने बताया कि उसे सुबह करीब छह बजकर 20 मिनट पर घटना की जानकारी मिली जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां दिल्ली में वजीराबाद के जगतपुर गांव भेजी गईं। गर्ग ने कहा,



स्थानीय लोगों की मदद से अधिकारियों ने तेंदुए को एक कमरे में बंद कर दिया। घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक निवासी ने कहा कि तेंदुए को पहली बार तड़के साढ़े चार बजे देखा गया था और सुबह सवा पांच बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन किया गया।

उसने कहा कि तेंदुए ने 12 से अधिक लोगों पर हमला करने की कोशिश की और उनमें से कुछ को घायल कर दिया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम के मीना ने बताया कि जगतपुर गांव के एक मकान में तेंदुआ घुसने की सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया गया। पुलिस ने बताया कि तेंदुए के हमले में पांच लोग घायल हो गए और उनमें से तीन की पहचान महेंद्र, आकाश और रामपाल के रूप में की गई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि वन विभाग के सात कर्मी, दिल्ली अग्निशमन विभाग का एक दल और स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर मौजूद हैं। एक स्थानीय नागरिक ने बताया कि गांव जंगल से घिरा हुआ है लेकिन वहां कोई बाड़ या किसी अन्य प्रकार की सुरक्षा नहीं है।

# वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 30.5 रुपए घटी

**नई दिल्ली/भाषा।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत में सोमवार को मामूली 0.5 प्रतिशत की कटौती की गई। साथ ही होटल तथा रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी की दरों में 31 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। सार्वजनिक क्षेत्र के स्वामित्व वाले ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 502.91 रुपए प्रति किलोलीटर या 0.49% घटाकर 100,893.63 रुपए प्रति किलोलीटर कर दी गई है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन
CHANGE OF NAME
I Col Ashish T s/o Tummalapalli Devi Prasad R/o qtr No.ML-06, The Parachute Regiment Training Centre J.C.Nagar Bangalore - 560006.Ashish T & Ashish Tummalapalli are the names one & the same person.Now I have changed my name to **ASHISH TUMMALAPALLI** for all official purposes in future vide affidavit dt 02.01 2024 and sworn before Notary and Advocate Y.R.Chandrasekar Bangalore

# सिद्दरामैया ने अमित शाह के खिलाफ अपने बेटे के विवादास्पद बयान का बचाव किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अमित शाह पर निशाना साधने वाले अपने बेटे यतींद्र के बयान का सोमवार को बचाव किया, जिसे भाजपा ने निंदनीय और केंद्रीय गृह मंत्री पर निजी हमला बताया है तथा निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। सिद्दरामैया ने कहा कि उनके बेटे का इरादा कभी भी शाह का अपमान करने का नहीं था और उनका बयान अदालत में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलील पर आधारित था। पूर्व विधायक यतींद्र ने पिछले बृहस्पतिवार को चामराजनगर जिले के हनूर शहर में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए कथित तौर पर कहा, ''गृह मंत्री अमित शाह एक गुंडा, उपद्रवी हैं, उनके खिलाफ गुजरात में हत्या का एक आरोप था और उन्हें तड़ीपार किया गया था तथा (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी ने ऐसे लोगों को अपने साथ में रखकर राजनीति की...।''



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने एक दिन बाद निर्वाचन आयोग में एक शिकायत दर्ज करायी, जिसमें बयान को पार्टी नेता पर व्यक्तिगत हमला बताया गया और आरोप लगाया गया कि यतींद्र ने शाह के खिलाफ अपमानजनक और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया। इसमें कहा गया कि बयान से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया।

सिद्दरामैया ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''यतींद्र ने अदालत में सीबीआई रिपोर्ट के आधार पर बयान दिया है। क्या अदालत को सौंपी गई सीबीआई रिपोर्ट सही है या गलत? अदालत में सीबीआई की दलील के आधार पर उन्होंने यह बात कही है। उनका अमित शाह का अपमान करने का कोई इरादा नहीं है।'' भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि यतींद्र का बयान उनकी परवरिश को दर्शाता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, सिद्दरामैया ने कहा कि वह तो भाजपा है जो संस्कार नहीं जानती है।

आगामी लोकसभा चुनाव में देशभर में 400 से अधिक सीट जीतने के भाजपा के दावे पर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा, आप जानते हैं (भाजपा ऐसा क्यों कह रही है), क्योंकि उन्हें 200 से भी कम सीट मिलेंगी। उन्होंने एक सर्वेक्षण किया है। उनकी सीट की संख्या 200 से कम है, इसलिए वे जानबूझकर '400' (सीट) कह रहे हैं।'' यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर कितनी सीट जीतेगी, सिद्दरामैया ने कहा कि उन्हें इस लक्ष्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन उन्हें विश्वास है कि पार्टी राज्य में कुल 28 में से 20 सीट हासिल करेगी।

# पांच वर्षीय बालक की दुर्घटना में मौत


बेंगलूरु। सिटी मार्केट पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को सुबह सिद्दैय्या रोड में पार्क लारी के पास खेल रहे एक बालक की मौत हो गई। अपरान्ह 12 बजे के समय पार्क लॉरी के पास पांच वर्षीय एक बालक खेल रहा था। तभी ड्राइवर आकर लॉरी को ले जाने लगा तो पहिये की चपेट में बालक आ गया और उसकी मौत हो गई। ड्राइवर लॉरी छोड़कर वहां से चला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमित शाह के दौरे का व्यापक असर पड़ेगा : सुनील कुमार

**■ आज सुबह पैलेस ग्राउन्ड में शक्ति केन्द्र प्रमुख का सम्मेलन**
**■ शाम को चन्नपट्टना में रोड शो ■ अनेक नेताओं से करेंगे मुलाकात**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह 2 अप्रैल को कर्नाटक पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे बेंगलूरु के पैलेस मैदान में शक्ति केंद्र के ऊपर कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में भाग लेंगे, भाजपा के राज्य महासचिव और चुनाव प्रबंधन समिति के राज्य समन्वयक वी सुनील कुमार ने बताया। सोमवार को भाजपा चुनाव मीडिया सेंटर होटल जीएम रिजॉयज में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस शक्ति केन्द्र सम्मेलन में 5 हजार जिम्मेदार कार्यकर्ता भाग लेंगे और हमारे नेता 5 लोकसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं से सीधे बात करेंगे। इसके बाद वह चन्नापट्टना में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि अमित शाह के इस दौरे से पहले चरण के 14 लोकसभा क्षेत्रों के चुनाव पर बड़ा असर पड़ेगा।





अमित शाह की यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इन दो कार्यक्रमों के अलावा अमित शाह चिक्कबलापुर, तुमकुर, दावणगेरे, चित्रदुर्ग बीदर और बेलगाम जिलों के कोर कमेटी सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। बातचीत के साथ वह चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

'तोड़ो बनाम जोड़ो' यह कर्नाटक चुनाव की घोषणा है। गत चुनाव में बेंगलूरु देहात में भाजपा को झटका लगा था। लेकिन इस बार पहली जीत वहीं से शुरुआत होगी। सुनील कुमार ने बताया कि इसी वजह से हम चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत भी बेंगलूरु ग्रामीण क्षेत्र से करने जा रहे हैं। हम 400 सीटों को पार करने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री के उस बयान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा 200 से अधिक सीटें नहीं जीतेगी, न केवल राज्य के नेताओं की उपस्थिति में, बल्कि हमारे उम्मीदवारों के नामांकन पत्र भी जमा किए जा रहे हैं। हम देश में 400 सीटें जीतने के बारे में जानते हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि आप कर्नाटक में खाता खोल लें तो बहुत है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता कर्नाटक की सभी सीटें जीतकर 400 सीटें जीतेगी। उन्होंने सिद्दरामैया को संदेश दिया कि बीजेपी के 400 के लक्ष्य को लेकर चिंता न करें। सुनील कुमार ने डीके शिवकुमार के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हम जानते हैं कि जेडीएस से कैसे तालमेल बिठाना है। उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत रखने की कोशिश कैसे करनी चाहिए।

गौरतलब है कि भाजपा ने कर्नाटक में लोकसभा की 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं और राज्य की अन्य तीन सीटें अपने गठबंधन सहयोगी जनतादल (एस) के लिए छोड़ी हैं।

विशेष रूप से, जेडीएस संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के दामाद सीएन मंजूनाथ उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश के खिलाफ बेंगलूरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। कर्नाटक में 28 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 26 अप्रैल और 7 मई को दो चरणों में होने वाले हैं और 4 जून को नतीजे सामने आयेंगे।



सोमवार को वरुणा विधानसभा क्षेत्र में चामराजनगर लोकसभा सीट से उम्मीदवार सुनील बोस के समर्थन में लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया।

# सिद्दरामैया ने लोकसभा चुनाव में अपने वरूणा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से भावुक अपील की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु/मंड्या। नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को अपने वरूणा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को कम से कम 60,000 मतों के अंतर से जीत दिलाने को कहा, ताकि वह पद पर बने रह सकें। मुख्यमंत्री पद की अपनी आकांक्षा पूर्व में जाहिर कर चुके उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंड्या में लोगों से कहा कि पिछले साल मई में हुए विधानसभा चुनाव में जिस आकांक्षा के साथ उन्होंने पार्टी का समर्थन किया था वह झूठा साबित नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद या मौजूदा विधानसभा के कार्यकाल के बीच में, राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच ये बयान मायने रखते हैं।

सिद्दरामैया ने कहा, 'वर्ष 2019 (लोकसभा चुनाव) में ध्रुवनारायण (कांग्रेस उम्मीदवार) केवल 1,817 मतों के अंतर से हारे थे...विधानसभा चुनाव में आपने मुझे (वरूणा में) 48,000 मतों के अंतर से जीत दिलाई। क्या आप अब इसी तरह की या इससे अधिक मतों के अंतर से जीत दिलाएंगे? हमारे उम्मीदवार को कम से कम 60,000 मतों के अंतर से जीत मिलनी चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'यदि आप (कांग्रेस उम्मीदवार को) 60,000 मतों के अंतर से जीत दिलाएंगे तो मुझे खुशी होगी। कोई मुझे छू भी नहीं सकेगा। मुझे मुख्यमंत्री पद पर बने रहना चाहिए या नहीं? इसलिए मैं आपसे हाथ जोड़कर अनुरोध करता हूं ....जीतने के बाद मैं आपका आभार जताने वापस आऊंगा।' वरूणा विधानसभा सीट चामाराजनगर लोकसभा क्षेत्र में है, जहां से मंत्री महादेवप्पा के बेटे सुनील बोस कांग्रेस उम्मीदवार हैं।

इस बीच, वोक्कालिगा समुदाय के गढ़ मंड्या में मतदाताओं से कांग्रेस का समर्थन करने की अपील करते हुए शिवकुमार ने कहा, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मुझे ध्यान में रखते हुए आपने (कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में) मंड्या जिले में अधिक सीट दी। आपकी आकांक्षा झूठी नहीं साबित होगी। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में आठ वोक्कालिगा को टिकट दिया है।

# अमित शाह करेंगे जद (एस) नेताओं से बातचीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल-एस(जद-एस) के नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा है कि वह अपनी पार्टी नेताओं के साथ मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के भाजपा नेताओं के साथ नाश्ते पर होने वाली बैठक में लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चुनावी स्थिति पर अपनी जानकारी से अवगत कराएंगे। नाश्ते पर दोनों दलों के नेताओं की बैठक को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा अपने गठबंधन सहयोगी जद (एस) के साथ विश्वास की किसी भी कमी को दूर करने के कदम के रूप में देखा जा रहा है।

कुमारस्वामी ने कहा, मंगलवार की सुबह अमित शाह के साथ नाश्ते पर बैठक में, हम अपनी जानकारी साझा करेंगे और उन्हें राज्य में शुरु हुई चुनाव प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएंगे। लक्ष्य राज्य की सभी 28 लोकसभा सीट जीतने का है। जद (एस) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के बेटे ने सोमवार को यहां पत्रकारों से कहा कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव की अच्छी तैयारी चल रही है।



उन्होंने कहा, हम नहीं चाहते कि छोटे-मोटे मुद्दों से दोनों पक्षों के बीच समझ में खलल पड़े और हमारी मंशा है कि अपने लक्ष्य तक पहुंचने में छोटी सी भी गलती न हो। इसलिए हम उनके साथ सभी मामलों पर चर्चा करेंगे।

कुमारस्वामी ने कहा कि वह बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्र चन्नपटना में शाह के रोड शो में भी हिस्सा लेंगे। चन्नपटना विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कुमारस्वामी करते हैं और बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से उनके बहनोई एवं प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ सीएन मंजूनाथ भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। शाह को भाजपा की बैठकों और कार्यक्रमों में भी भाग लेना है।

प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जद (एस) के संरक्षक देवेगौड़ा के मंच साझा करने की संभावना पर एक सवाल के जवाब में कुमारस्वामी ने कहा कि ऐसी कोई योजना अभी तक नहीं बनाई गई है, क्योंकि प्रधानमंत्री को देश भर में दौरा करना है। उन्होंने कहा, एक या दो कार्यक्रमों में जब वह (मोदी) कर्नाटक आएंगे तो जहां भी हमारे भाग लेने की आवश्यकता होगी, हम भाग लेंगे। उनके (मोदी और देवेगौड़ा के) मंच साझा करने की उम्मीद है, किसी चरण में वे एक साथ प्रचार करेंगे। मंड्या से निर्दलीय सांसद सुमलता अंबरीश के आगामी चुनाव में उन्हें समर्थन देने के बारे में विश्वास जताते हुए कुमारस्वामी ने कहा, आप इस बात से समझ सकते हैं कि उन्होंने हमारे बीच कल की मुलाकात को एक स्वस्थ चर्चा बताया, इसके कुछ मायने हो सकते हैं...जिसे समझते हुए कांग्रेस ने डर के चलते हम पर हमला तेज कर दिया है। अब मंड्या लोकसभा सीट से राजग के आधिकारिक उम्मीदवार कुमारस्वामी ने रविवार को सुमलता से मुलाकात की और आगामी चुनाव में उनका सहयोग मांगा।



मंड्या से कांग्रेस प्रत्याशी 'स्टार चन्द्रू' के समर्थन में निकाली रैली में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार।

# मंड्या ने गौरव और स्वाभिमान के लिए वोट किया : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंड्या। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि मंड्या के लोग अपने गौरव और स्वाभिमान के लिए वोट करते हैं और 'टूरिंग टॉकीज' राजनीति का मनोरंजन नहीं करते हैं। मंड्या में कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा नामांकन जमा करने के दौरान एक रैली में बोलते हुए उन्होंने कहा, ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जहां मंड्या के लोगों ने अपना गौरव और स्वाभिमान छोड़ दिया हो और किसी बाहरी व्यक्ति को सत्ता सौंपी हो। मंड्या के लोग कुमारस्वामी की 'टूरिंग टॉकीज़' राजनीति का मनोरंजन नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र में कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है लेकिन कुमारस्वामी एक जगह से दूसरी जगह घूमते रहे हैं। कुमारस्वामी ने हासन छोड़कर रामनगर जिले का रुख किया है और अब वह मंड्या जिले में चले गए हैं। आपने कुमारस्वामी को सत्ता दी लेकिन उन्होंने इसे बरकरार नहीं रखा। अब, उन्होंने उन्हीं लोगों से हाथ मिला लिया है जिन्होंने उन्हें सत्ता से हटाया था।'' यह कांग्रेस पार्टी थी जिसने देवेगौड़ा को प्रधानमंत्री बनाया, यह कांग्रेस ही थी जिसने कुमारस्वामी को दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री बनाया। कुमारस्वामी का कहना है कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें धोखा दिया है।

उन्होंने कहा कि 'जीटी देवेगौड़ा, बालकृष्ण और शिवरामेगौड़ा से पूछिए, वे आपको बताएंगे कि मैंने कांग्रेस के साथ कुमारस्वामी की गठबंधन सरकार को बचाने के लिए कितना संघर्ष किया।' कुमारस्वामी कहते थे कि रामनगर उनकी कर्म भूमि है लेकिन अब वह मंड्या आये हैं। रामनगर ने उन्हें विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री बनाया और उनके पिता को प्रधानमंत्री बनाया। अब, उन्होंने उसे छोड़ दिया है। उनके मन में उन लोगों के लिए कोई सम्मान नहीं है जो उन्हें राजनीतिक रूप से पोषित करते हैं। शिवकुमार ने कहा कि 'कुमारस्वामी जो चाहें करें, लेकिन मुझे यकीन है कि मंड्या के लोग अपने गौरव और स्वाभिमान को बचाने के लिए मतदान करेंगे। कुमारस्वामी ने भाजपा से हाथ मिलाकर अपनी पार्टी की विचारधारा को बाहर फेंक दिया है। पिछली बार, मैं निखिल कुमारस्वामी के लिए वोट मांगने आया था, लेकिन इस बार मैं 'स्टार चंद्रू' के लिए वोट मांगने आया हूं, जो 'मंड्या के बेटे' हैं।' आपका वोट सिर्फ वेंकटरमनेगौड़ा के लिए नहीं है, बल्कि डीके शिवकुमार, सिद्दरामैया और चेलुवरैयास्वामी के लिए है। 28 सीटों में से, हमने एक रेड्डी और एक बंट सहित 8 वोक्कालिगा समाज को टिकट दिया है। मैं जानता हूं कि आपने मुझे देखकर मंड्या में कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें दी हैं। आपका समर्थन व्यर्थ नहीं जाएगा।''

नामांकन दाखिल करने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए, शिवकुमार ने कहा, 'मैंने सोचा था कि हमारा उम्मीदवार एक लाख वोटों से जीतेगा, लेकिन भीड़ को देखने के बाद, मुझे विश्वास है कि हम 2 लाख वोटों के भारी अंतर से जीतेंगे।'



# बेंगलूरु सेंट्रल से पीसी मोहन ने नामांकन पत्र दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार पीसी मोहन ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मुथ्यालम्मा मंदिर में पूजा करने के बाद वह जुलूस के रूप में बन्नप्पा पार्क पहुंचे और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा, डीवी सदानंद गौड़ा, विपक्षी नेता आर. अशोक, नेता सीटी रवि, अरविंद लिंबावली, सुरेश कुमार, जनार्दन रेड्डी, एस. रघु, गोपीनाथ रेड्डी, गुरुराजा गंतीहोल, एन.एल. नरेंद्र बाबू, तारा अनुराधा, श्रुति समेत कई नेता, भाजपा मध्य जिला अध्यक्ष सप्तगिरी गौड़ा ने भाग लिया। बन्नप्पा पार्क से बीबीएमपी तक एक रोड शो आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पीसी मोहन के समर्थन उनके साथ चले। जेसीबी द्वारा एक विशाल फूल की माला उनके समर्थकों ने पहनाई।



**नामांकन**

बेंगलूरु दक्षिण से कांग्रेस की उम्मीदवार सौम्या रेड्डी ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र भरा। इस मौके पर विधायक ए कृष्णप्पा, पूर्व विधायक आरवी देवराज, फिल्म निर्माता उमापति आदि उपस्थित थे। उन्होंने अपना नामांकन चुनाव अधिकारी विनुता प्रिया को सौंपा।



सोमवार को मंड्या में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य की उपस्थित में मंड्या से कांग्रेस के उम्मीदवार वेंकटरमण गौड़ा अपना नामांकन भरते हुए।

# मंड्या से कांग्रेस उम्मीदवार वेंकटरमण गौड़ा, उनकी पत्नी के पास 633 करोड़ रुपये की संपत्ति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। लोकसभा चुनाव के लिए मंड्या से कांग्रेस के उम्मीदवार वेंकटरमण गौड़ा और उनकी पत्नी कुसुम ने 622.96 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। गौड़ा 'स्टार चंद्रू' के नाम से लोकप्रिय हैं। सोमवार को नामांकन के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के मुताबिक, गौड़ा की पत्नी उनसे ज्यादा अमीर हैं। गौड़ा की निजी संपत्ति 267.05 करोड़ रुपये और 'हिंदू अविभाजित परिवार' के तहत विरासत में मिली संपत्ति 26.59 करोड़ रुपये है यानी उनके पास कुल मिलाकर 293.64 करोड़ रुपये की संपत्ति है। हलफनामे के अनुसार उनकी पत्नी की संपत्ति 329.32 करोड़ रुपये है जिसमें उनके द्वारा 'स्टार इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड' में निवेश किए गए 176.44 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जनता दल (एस) की राज्य इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को मंड्या से मैदान में उतारा है।

# ईसीआई ने बीच सड़क में इफ्तार आयोजित करने वालों को नोटिस जारी किया

मंगलूरु। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलूरु के पास बीच सड़क में ''इफ्तार पार्टी'' आयोजित करने वालों को नोटिस जारी किया है। यह कार्यक्रम 30 मार्च को आयोजित किया गया था जिसके कारण राज्य राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक हिस्सा दोपहर दो बजे तक चार घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा। ईसीआई ने रविवार को जारी नोटिस में चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए ऑटो राजाकनमार 'इफ्तार' कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को नोटिस जारी किया।

इफ्तार पार्टी का आयोजन मुडिपु जंक्शन पर उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर किया गया था, जो दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया मंच पर आने के बाद ईसीआई ने इसका संज्ञान लिया।



**जयंती स्मृति**

टुमकुरु के सिद्दगंगा मठ में सोमवार को स्व. श्री शिवकुमारजी महास्वामी की 117वीं जयंती के मौके पर आयोजित स्मृति सभा में भाग लेते हुए योग गुरु बाबा रामदेव, मैसूरु के शिवरात्रि देशीकेन्द्र स्वामी, मठ के प्रमुख सिद्दलिंगा स्वामी एवं अन्य संतवृंद।



**निर्माण कार्य**

बेंगलूरु में चल रहे नम्मा मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत बन्नरघट्टा रोड के जयदेवा अस्पताल सर्कल के पास कार्य को पूर्ण करने व निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए डेयरी सर्कल से यातायात को बंद कर दिया गया है। अब जब तक कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक इस खंड में यातायात बंद रहेगा।

# यदुवीर वाडियार के पास कोई मकान, जमीन या कार नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। पूर्ववर्ती मैसूरु शाही परिवार के वंशज और मैसूरु-कोडागु लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के पास कोई मकान, जमीन या यहां तक कि कोई वाहन भी नहीं है। यह जानकारी उनके चुनावी हलफनामे से मिली है। वाडियार ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी संपत्ति और देनदारियों की घोषणा करते हुए अपना हलफनामा दायर किया।

नामांकन पत्र के मुताबिक उनके पास कुल करीब पांच करोड़ रुपये की संपत्ति है। उनकी पत्नी त्रिशिका कुमारी वाडियार और एक आश्रित व्यक्ति के पास क्रमशः 1.04 करोड़ रुपये और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

वाडियार के पास 3.39 करोड़ रुपये के सोने और चांदी के गहने हैं, जबकि उनकी पत्नी के पास 1.02 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं हैं। वाडियार (32) का सीधा मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार एम लक्ष्मण से होगा, जो कर्नाटक में कांग्रेस के प्रवक्ता हैं।



बेंगलूरु | मंगलवार | 02-04-2024 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

दक्षिण भारत राष्ट्रमत





# राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा।' गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

शाह ने कहा, 'ये लोकतंत्र बचाने की बात करते हैं... राहुल बाबा आपकी दादी ने आपातकाल में लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था...राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध लगाया था... आपको लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं है।' उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, 'ये जो कुनबा इकट्ठा हुआ है... कल उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाओ। क्यूं भई क्या हो गया है लोकतंत्र को । इस देश की



जनता वोट डालने वाली है। तय करेगी। आप काहे को लोकतंत्र बचाने की बात कर रहे हो। कह रहे हैं हमारे नेता जेल में गए। भई मुझे बताओ 12 लाख करोड़ रुपए के घपले घोटाले करेंगे तो जेल में जाएंगे या नहीं जाएंगे।' उन्होंने आगे कहा,' .... राहुल बाबा सुन लो क्यूं फरियाद कर रहे हो हमने 2014 में भी किया 2019 में भी किया कहकर हम चुनाव लड़े थे कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह जेल की सलाखों के पीछे चला जाएगा।'

शाह ने कहा, 'मित्रों ये लोग सरकार बनाने के सपने देख रहे हैं ... कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा।' केंद्र सरकार द्वारा किए काम गिनाते हुए शाह ने कहा कि हमने बुनियादी ढांचा के क्षेत्र में बहुत काम किये हैं । 10 साल में हर सप्ताह एक नई यूनिवर्सिटी खोलने का काम मोदी जी ने किया है। हर दिन 37 स्टार्टअप रजिस्टर्ड करने का काम मोदी जी ने किया है। भारत में हर दिन 16 हजार करोड़ रुपये के यूपीआई ट्रांजेक्शन होते हैं। भारत में हर दिन 14 किमी रोड बनती है। भारत में हर दिन गैस के 50 हजार कनेक्शन देने का काम मोदी जी ने किया है। हर सेकंड एक घर को नल का कनेक्शन देने का काम भी मोदी जी और भाजपा ने किया है।

उन्होंने कहा, 'हमने देश को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध किया है, और इसके साथ-साथ हमने ढेर सारे वादे जो भाजपा की स्थापना से करे हैं उन सारे वादों को मोदी जी ने इन साल में पूरा करने का काम किया है।' शाह ने कहा, 'मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, भारत दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।' उन्होंने कहा, 'हमने डेढ़ सौ साल पुराने अंग्रेजों के कानून बदल दिए सौ साल पुरानी संसद बदली हमने नक्सलवाद व उग्रवाद को उखाड़ फेंकने का काम किया।' शाह ने कहा, 'इसलिए 2014 में 55 फीसदी वोट के साथ 25 की 25 सीटें राजस्थान की जनता ने मोदी जी को दी थी। 2019 में वोट प्रतिशत बढ़कर 61 प्रतिशत हुआ और फिर सभी 25 सीटें भाजपा को मिली। अब मोदी जी फिर से आए हैं, इस बार 70 प्रतिशत वोट के साथ 25 की 25 सीटें जीतकर हैट्रिक लगानी है।' उन्होंने कहा, 'इस लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी ने हमारे सामने 400 पार का लक्ष्य रखा है। 400 से ज्यादा सीटें राजग जीतेगा और 370 से ज्यादा सीटें भाजपा जीतेगी।'



# कांग्रेस सरकार ने ठप किया जयपुर का विकास : मंजू शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भाजपा जयपुर शहर लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने सोमवार को हवामहल विधानसभा क्षेत्र में संघन जनसंपर्क किया। इस दौरान जयपुर की बेटी को आशीर्वाद देने के लिए लोग सडकों पर उमड पडे और भगवामय हुए माहौल में आमजन ने हाथ खडे कर भाजपा को वोट देने का संकल्प लिया। वहीं हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य महाराज, सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा जयपुर शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, लोकसभा सहप्रभारी सतीश चन्देल और पूर्व विधायक सुरेन्द्र पारीक के साथ सभी मंडलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके साथ रहे।

जनसंपर्क के दौरान नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि हवामहल विधानसभा क्षेत्र उनके घर जैसा ही रहा है। उनका बचपन भी यहीं पर बीता है और वे इसी क्षेत्र की निवासी है, ऐसे में क्षेत्र के लोगों से उनका गहरा लगाव है और हमेशा वे यहां के लोगो के सुख और दुख में साथ खडी रही है। उन्होंने स्व. भंवरलाल शर्मा को याद करते हुए कहा कि उनके पिता का हवामहल की जनता से अपार स्नेह था। उनके कार्यकाल में ही परकोटा क्षेत्र के विकास की नींव रखी गई थी। उन्होंने पूर्व मंत्री महेश जोशी पर क्षेत्र का विकास ठप करने का आरोप लगाते हुए कहा कि महेश जोशी और कांग्रेस ने सदैव सांप्रदायिकता की राजनीति की है। कांग्रेस के शासन में तुष्टीकरण चरम पर पहुंच गया था। कांग्रेस नेता वोटों की फसल काटने के लिए अपने पराए का फर्क भूल गए थे और कांग्रेस की इन्हीं नीतियों के कारण गत विधानसभा चुनावों में मतदाताओं ने उन्हें सबक सिखा दिया।

वहीं हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने कहा कि विधानसभा चुनावों से पहले जयपुर में ही दो कानून का राज था, एक कानून आमजन के लिए था जिसमें बहुसंख्यक वर्ग को निशाना बनाया जाता था और दूसरा कानून समुदाय विशेष के लोगो के लिए था जिसमें उन्हें कुछ भी करने की छूट दी गई थी। हाल यह था कि छोटी चौपड पर रिक्शे वाला एक सवारी ज्यादा बैठाकर निकल जाए तो उसका चालान बना दिया जाता था लेकिन रामगंज चौपड पर एक दुपहिया पर ही चार सवारी बैठी हो तो पुलिसकर्मी नजर फेर लेते थे। राज्य में भाजपा का शासन आने के बाद ही सुराज का आगाज हुआ है।

## मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी देने का मामला

# राज्य सरकार ने एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी को किया निलंबित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार ने मानव अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सा विभाग की ओर से सोमवार को एक आदेश जारी किया गया। इससे पूर्व सोमवार को ही इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को रिश्वत लेकर अंग प्रत्यारोपण की फर्जी एनओसी देने के प्रकरण में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उच्च स्तरीय कमेटी से प्रकरण की जांच करवाने तथा 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भी निर्देशित किया। श्रीमती सिंह ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानव अंग प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता न हो, इसलिए विभाग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए एसीबी को इसकी जांच करने के लिए आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है । और मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 के तहत इएचसीसी अस्पताल के ऑर्गन ट्रांसप्लांट का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से स्थगित करने की कार्रवाई भी की जा रही है। श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि इस प्रकरण की जांच हेतु एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है।

बैठक में एसीबी के डीजी राजीव शर्मा ने बताया कि एसीबी ने इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कार्यालय की तलाशी लेकर महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

साथ ही उनके कार्यालय से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा विभाग इकबाल खान, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रविप्रकाश माथुर,प्रबंध निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र सोनी, प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक एसएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ. राजीव बगरहट्टा ,अधीक्षक एसएमएस अस्पताल डॉ. अचल शर्मा, प्राधिकृत अधिकारी(मानव अंग एवम उत्तक प्रत्यारोपण) उपस्थित थे।



# जालोर, सांचौर और सिरोही की कायापलट करके ही हम दम लेंगे : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालोर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार रात मुंबई दौरे पर रहे। मुंबई के गिरगांव में जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद किया और भरोसा दिलाया कि अब जालोर-सिरोही क्षेत्र को किसी भी तरह से पिछड़ने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वे स्वयं, वैभव गहलोत, एवं सभी कांग्रेसीजन स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इस क्षेत्र की कायापलट करके ही दम लेंगे। वैभव गहलोत के साथसाथ जालोर लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। वैभव गहलोत मंगलवार 2 अप्रैल को जालोर विधानसभा क्षेत्र के नरसाणा, बालवाड़ा, बिशनगढ़, उम्मेदाबाद, सायला आदि गांवों में जनसंपर्क करेंगे।

गिरगांव में अशोक गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जालोर की जनता का पूरा ध्यान रखा है। यहां नर्मदा पानी लाने के लिए प्रोजेक्ट कांग्रेस शासन में ही लाया गया, सड़कें बनवाई, सांचौर को जिला बनवाया। जालोर में मेडिकल कॉलेज, कृषि कॉलेज लाने का विचार भी हमारा था। उन्होंने कहा कि जालोर के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। यहां रेलवे एवं वायुयान कनेक्टिविटी करानी है, जालोर को हाईवे से जोड़ना है और पानी को लेकर भी बहुत काम करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानियों ने भाग लिया और वैभव गहलोत को समर्थन देने की घोषणा की।

इस मौके पर वैभव गहलोत ने कहा कि 20 साल से जालोर में भाजपा सांसद रहे, लेकिन ये सांसद किसी के सुख-दुख में साथ खड़े नहीं दिखे, ये लोगों से मिलते भी नहीं थे और न ही इन्होंने जालोर के लिए कोई काम कराए। वैभव ने कहा कि जालोर-सिरोही उनकी कर्मभूमि है और अब वे मजबूती से यहां की जनता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि वे जालोर के लोगों के हर सुख-दुख में साथ खड़े नजर आएंगे और यहां का विकास उनका पहला कर्तव्य होगा।

मुंबई के गिरगांव में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, भीनमाल विधायक समरजीत सिंह, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, सुखराम बिश्नाई, हीरालाल बिश्नोई, ऊम सिंह चंदराई, पुखराज पाराशर, हीरा देवासी, नरेश सेठ, भंवर सिंह राजपुरोहित, शिवसेना नेता पृथ्वी जैन, किशोर साहू सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इनके अलावा मुंबई क्षेत्रीय प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़, स्थानीय विधायक अमीन पटेल, विधान परिषद सदस्य भाई जगताप, दक्षिण मुंबई से प्रत्याशी अरविंद सावंत भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# आधा दर्जन लोकसभा सीटों पर कड़े मुकाबले की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लगभग सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो गई है जहां इस बार लगभग आधा दर्जन सीटों पर मुकाबला कड़ा या रोचक रहने की संभावना है। राज्य में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं जिन पर इस महीने दो चरणों में मतदान होगा। कांग्रेस ने 22 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं जबकि नागौर और सीकर सीट गठबंधन के तहत राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) और माकपा के लिए छोड़ी है। पार्टी ने बांसवाड़ा सीट पर अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वहीं केंद्र व राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी भाजपा ने सभी 25 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से इस बार चूरू, कोटा-बूंदी, सीकर, नागौर, बांसवाड़ा और बाड़मेर सीटों पर मुकाबला रोचक या कड़ा रहने की उम्मीद है। बाड़मेर में निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी के लोकसभा चुनाव के समर में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

कांग्रेस ने चूरू (राहुल कस्वां), कोटा-बूंदी (प्रह्लाद गुंजल) और बाड़मेर (उम्मेदाराम) में दूसरी पार्टी से आए नेताओं को टिकट दिया है। वहीं भाजपा ने बांसवाड़ा में कांग्रेस से आए महेंद्रजीत सिंह मालवीय को मैदान में उतारा है। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चुनाव तैयारियों की समीक्षा की और नागौर एवं चूरू समेत पांच विधानसभा क्षेत्रों का फीडबैक लिया। उन्होंने सीकर में रोड शो भी किया। इस रोड शो को शेखावाटी इलाके में पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत माना जा रहा है जिसमें सीकर, झुंझुनू, चूरू और नागौर शामिल है।

शाह सोमवार को जोधपुर में जोधपुर, पाली, जालोर-सिरोही और बाड़मेर संसदीय क्षेत्र के पार्टी नेताओं की बैठकें ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने 2014

लोकसभा चुनाव



के लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र रूप से सभी 25 लोकसभा सीटें जीतीं। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 24 सीटें जीतीं और उसकी सहयोगी आरएलपी ने एक सीट नागौर जीती। इस बार भाजपा फिर अकेले चुनाव लड़ रही है तो हनुमान बेनीवाल की आरएलपी ने इस बार नागौर की उसी सीट पर कांग्रेस से हाथ मिला लिया है। कांग्रेस पिछले दो लोकसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव के समय वह राज्य में सत्ता में थी।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और चूरू से भाजपा सांसद राहुल कस्वां के बीच अंदरूनी कलह का फायदा उठाते हुए कांग्रेस ने कस्वां को कांग्रेस में शामिल करा लिया। कस्वां ने बाद में सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने कस्वां को चूरू से अपना उम्मीदवार बनाया है जहां भाजपा ने एक नए चेहरे और पैरालंपिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझड़िया पर दांव खेला है। उत्तरी राजस्थान की चूरू सीट जाट बहुल इलाका है और दोनों पार्टियों के उम्मीदवार जाट समुदाय से हैं। चूरू लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से पांच पर कांग्रेस के विधायक हैं। भाजपा के पास दो और बसपा के पास एक सीट है।

लोकसभा क्षेत्र में मजबूत स्थिति के बावजूद, कांग्रेस ने अपनी पार्टी के किसी नेता को टिकट देने के बजाय भाजपा छोड़कर आए कस्वां पर भरोसा किया। दो बार सांसद रहे कस्वां की जीतों में मोदी लहर को भी एक बड़ा कारक माना जाता है। यह अलग बात है कि इस बार कस्वां के लिए हालात और पार्टी अलग है।

इसी तरह कोटा-बूंदी संसदीय सीट पर भाजपा के ओम बिरला को टक्कर देने के लिए कांग्रेस ने हाड़ौती क्षेत्र में भाजपा के ही एक प्रभावशाली नेता प्रह्लाद गुंजल को अपने पाले में कर लिया है। उसने कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक गुंजल को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाने वाले गुंजल द्वारा ओम बिरला को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है। बिरला दो बार सांसद रह चुके हैं और लोकसभा अध्यक्ष हैं। राज्य की सीकर सीट पर माकपा के पूर्व विधायक अमराराम कांग्रेस के साथ गठबंधन के उम्मीदवार है।

उनके सामने भाजपा के दो बार के सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ भी सीकर लोकसभा सीट में आता है। राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि माकपा और और कांग्रेस गठबंधन से भाजपा को इस सीट पर चुनौती मिलेगी। प्रदेश की जाट बहुल नागौर सीट पर भी मुकाबला रोचक एवं कड़ा रहने की संभावना है। यहां भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा को उम्मीदवार बनाया है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के संयोजक हनुमान बेनीवाल कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मिर्धा और बेनीवाल पुराने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं।

# अपनी मौत का षड्यंत्र करने वाले फौजी ने खाया जहर, हुई मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

झुंझुनू। राजस्थान में झुंझुनू जिले के मुकुन्दगढ़ थाना क्षेत्र के बलरिया अंडरपास के पास कार में जिंदा जला युवक सेना का जवान नहीं बल्कि कोई और था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब सोमवार सुबह सेना के जवान विकास को पुलिस गंभीर हालात में झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस के अनुसार विकास ने जहरीला पदार्थ खाया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जिस दिन हादसा हुआ, तब से ही डूंडलोद निवासी महेश मेघवाल गायब था। वह विकास फौजी के खेत में काम करता था। महेश के परिजनों का दावा था कि कार में विकास नहीं बल्कि महेश था।

परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को विकास फौजी ने अपने ममेरे भाई को फोन कर रुपये मांगे थे। इससे यह साबित हो गया कि वह जिंदा है और कार में जिसका शव जलाया गया था, वह महेश मेघवाल का है। जलाने से पहले ही उसकी हत्या कर दी गयी थी। बाद में इसे हादसे का रूप देने का प्रयास किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने विकास फौजी को शनिवार को पकड़ लिया था। इस बीच विकास ने जहर खा लिया। विकास को मुकुंदगढ़ में अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से हालात गंभीर होने पर विकास को आज सुबह ही झुंझुनू के राजकीय बीडीके अस्पताल लेकर पहुंची थी, जहां विकास ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार डेढ़ करोड़ की बीमा पॉलिसी का दावा उठाने के लिए विकास ने खुद की मौत का षड्यंत्र रचा था। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने विकास को पकड़ लिया था। मामले का खुलासा करने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही उसने जहर खा लिया।

## सुविचार

**मिली थी जिन्दगी किसी के काम आने के लिए, पर वक्त बित रहा है, कागज के टुकड़े कमाने के लिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एक खुराफात और ...

चीन द्वारा जारी की गई अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए कथित 30 और नामों की सूची यह दर्शाती है कि ड्रैगन विदेश नीति जैसे गंभीर विषय को हास्यास्पद बनाने को आमादा है। भारत ऐसी कथित सूचियों और नामों की बिल्कुल भी परवाह नहीं करता। ये चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी 'मंडली' की मधुर कल्पनाओं के अलावा और कुछ नहीं हैं। चीन पहले भी ऐसी हरकतें करता रहा है, जिनका उद्देश्य भारत पर दबाव डालना और संबंधित इलाकों में रहने वाले लोगों को आतंकित करने की कोशिश करना था। शी जिनपिंग और उनकी 'मंडली' इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं कि ऐसी सूचियों का महत्त्व रद्दी से ज्यादा कुछ नहीं है। वे एक सूची जारी करें या करोड़ों सूचियां छपवाकर चीन के गली-मोहल्लों तक में चिपका दें, उससे धरातल पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। हां, ऐसी सूचियों से चीन की जग-हंसाई खूब हो रही है। पहले उसके नेताओं और प्रवक्ताओं की बातों को कुछ गंभीरता से सुना जाता था। अब उन पर चुटकुले व कार्टून बनाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग शी जिनपिंग को यह 'अनूठा' सुझाव दे रहे हैं कि वे बार-बार 'नामकरण' संबंधी सूचियां बनवाने, छपवाने में अपने संसाधन खर्च करने के बजाय पूरी धरती का ही नाम बदल दें। इससे उन्हें बार-बार इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ेगी! वास्तव में चीन की हालत उस शरारती बच्चे जैसी हो गई है, जो अपना खिलौना तो अपने पास रखना चाहता ही है। उसके अलावा आस-पास के सभी बच्चों के खिलौने भी छीनना चाहता है। चीन को सब देशों का सबकुछ अपनी मुट्ठी में चाहिए। इसलिए कभी वह एलएसी पर घुसपैठ के लिए अपने फौजी भेजता है तो कभी नामकरण की सूची जारी करता है!

वैसे चीन को पिछले चार-पांच वर्षों में यह बात अच्छी तरह से समझ में आ गई कि अब एलएसी पर घुसपैठ की कोशिश बहुत महंगी पड़ सकती है। पहले गलवान और उसके बाद तवांग सेक्टर में भारतीय सेना ने पीएलए के चॉकलेटी फौजियों की जिस तरह धुनाई की, उससे ड्रैगन की दुर्गति दुनिया के सामने आ चुकी है। खासकर तवांग सेक्टर की घटना के बाद तो पीएलए के कई फौजियों ने हफ्तों मरहम-पट्टी करवाकर पीड़ानाशक औषधियों का सेवन किया होगा। दुनिया कोरोना वायरस का 'सच' नहीं जान पाई, लेकिन शी जिनपिंग जान गए कि घुसपैठ की हरकतों में जोखिम बहुत बढ़ गया है। अगर एक-दो दर्जन चीनी फौजी परलोक सिधार गए तो जनता के सामने जवाब देना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए भलाई इसी में है कि चीनी कर्मचारी बीजिंग स्थित अपने एसी कक्ष में बैठकर खुराफातें करते रहें, 'नामकरण' सूचियां बनाते-बांटते रहें। कहीं जाना नहीं, किसी तरह का जोखिम नहीं। हर्र लगे न फिटकरी, रंग चोखा होय! ऐसी सूचियों को भारत हमेशा खारिज करता रहा है। निस्संदेह अरुणाचल प्रदेश हमारे देश का अभिन्न अंग है और चीन या किसी और द्वारा रचे गए काल्पनिक नामों से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। अरुणाचल पर चीन की लंबे अरसे से कुदृष्टि है। जब भी प्रधानमंत्री, भारत सरकार के मंत्री, उच्चाधिकारी या दलाई लामा जैसे विख्यात आध्यात्मिक गुरु वहां का दौरा करते हैं तो बीजिंग की छाती पर सांप लोटने लगता है। उसके बाद चीन अनर्गल बयान जारी कर देता है, जिसे खारिज करने में भारत बिल्कुल भी समय नहीं लगाता। अरुणाचल में ऐसे दौरे जरूर होने चाहिएं, बल्कि उनकी संख्या में बढ़ोतरी होनी चाहिए। चीन इस बात को लेकर स्वतंत्र है कि वह पूरी दुनिया के सभी इलाकों के काल्पनिक नाम रखने के लिए समय और संसाधन खर्च करे। भारत उसकी इन हरकतों को कोई महत्त्व नहीं देता।

## ट्वीटर टॉक



आज अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम के अंतर्गत मुण्डावर विधानसभा क्षेत्र के घीलोठ, सेवा धाम मांढन, कुतीना, कांकर, गूगल कोटा, सत्तपुरा बावद, चौबारा और जौनायंचा खुर्द में जनता का आशीर्वाद और अपार प्रेम पाकर धन्य हुआ।

**-भूपेन्द्र यादव**



मेरे लिए हर काम टॉप ही होता है, मैंने हर काम को अत्यंत महत्वपूर्ण माना है, किसी काम को छोटा नहीं माना। दुनिया के छोटे से छोटे देश को भी उतना ही महत्वपूर्ण माना है, जितना बड़े देशों को। इसलिए आज विश्व में भारत की पहचान...विश्वबंधु की बनी है।

**-नरेन्द्र मोदी**



2014 में 55% वोट के साथ 25 की 25 सीटें राजस्थान की जनता ने मोदी जी को दी थी। 2019 में वोट बढ़कर 61% हुआ और फिर सभी 25 सीटें भाजपा को मिली। अब मोदी जी फिर से आए हैं, इस बार 70% वोट के साथ 25 की 25 सीटें जीतकर हैट्रिक लगानी है।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

# आत्मचिंतन से कल्याण

सनक, सनंदन, सनातन और सनतकुमार ये चारों मुनि सनकादिक के नाम से विख्यात हुए। वे ब्रह्मा के मानसपुत्र थे। परम विरक्त होने के कारण देवता भी सनकादिक का बहुत आदर करते थे। एक दिन सनकादिकों ने संशयवश अपने पिता ब्रह्माजी से प्रश्न किया, 'सांसारिक विषय विपत्तियों के घर हैं। सांसारिक ऐश्वर्य और भोग-विलास मानव की अशांति व पतन के कारण हैं। यह जानते हुए भी मानव पशु के समान उनके भोग में क्यों लिप्त रहता है? उसे सांसारिक लगाव से मुक्त करने का क्या उपाय हो सकता है?' ब्रह्माजी ने भगवान विष्णु का स्मरण कर उनसे सनकादिकों की जिज्ञासा का समाधान करने की प्रार्थना की। श्रीविष्णु ने हंस के रूप में प्रकट होकर सनकादिकों की जिज्ञासा का विस्तार से समाधान करने के लिए कई कथाएं सुनाईं। उन्होंने बताया कि इंद्रियों के विषयों का चिंतन व विषयों में आसक्ति कभी नहीं करनी चाहिए। शरीर क्षणभंगुर है, उसे महत्व न देकर आत्मचिंतन करने में ही कल्याण है। भगवान का चिंतन करते रहने से ही सांसारिक मोह-ममता से बचा जा सकता है। सनकादिक ने उनसे प्राप्त आत्मज्ञान के माध्यम से असंख्य जीवों को सनमार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

## सामयिक

# बांग्लादेश में भारत के दुश्मन कौन?

**आर.के.सिन्हा**

**बांग्लादेश की स्थापना के बाद लग रहा था कि वहां पर हिन्दुओं की स्थिति सुधर जाएगी। उन्हें इंसान समझा जाएगा, पर यह हो न सका। भारत की चाहत रही है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्तासीन रहें। यानी वहां पर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार रहे। निश्चित रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना का सत्ता पर काबिज होना भारत और वहां के हिन्दुओं के हित में है।**

कोई चाहे तो बांग्लादेश के विपक्ष से एहसान फरामोशी सीख सकता है। जिस भारत ने बांग्लादेश को, या यूँ कहें कि 1970 तक के पूर्वी पाकिस्तान, की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलती रहती है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है। बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारत के उत्पादों के बॉयकाट का आहवान भी किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्व कप में भारत की हार के बाद ढाका और वहां के कई शहरों में जश्न मना था।मैं तो स्वयं 1970 के भारत - पाक युद्ध में युद्ध संवाददाता के हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था। युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्ला भाषी मुसलमान भाइयों को क़त्लेआम से बचाया, हज़ारों बंगाली बेटियों और बहनों को पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे बलात्कार से रक्षा की। इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूँ। लेकिन, बांग्लादेश की आज़ादी के बाद जब बंगबंधु शेख़ मुज़ीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ-साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया, तभी जगह-जगह इंडियाज़ जिनीस-पत्तर भालो नेई के वाल पेंटिंग देखने को मिले। जब मैंने शेख़ मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया, हज़ारों मकान बनवाये, फिर यह क्या चल रहा है ? तब पीआरओ ने कहा, आप चिंता मत कीजिए। कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है। लेकिन, वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि; कई गुना बढ़ गये हैं।

बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है। लेकिन, हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज़्यादा मुखर हुए हैं। आपको याद ही होगा कि बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख़ हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आप कह सकते हैं कि आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफ़ा चुनाव को सिर्फ़ भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। बांग्लादेश से आ रही खबरों से संकेत मिल रहे हैं कि बीएनपी की विदेश मामलों की कमिटी (एफ़आरसी) चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध प्रगाढ़ करना चाह रही है। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा। नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा। पर वहां पर शुरू से ही घनघोर कठमुल्ले छाए रहे। उनकी जहालत की एक तस्वीर लगातार देखने को मिलती रहती है। वहां पर हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कठमुल्लों की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है।अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे अपने ब्लॉग के जरिए। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयवाह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था।

बांग्लादेश में कठमुल्ले हिन्दुओं की जान के पीछे पड़े रहते हैं। उन्हें तो बस मौके की तलाश होती है। यह अफसोसजनक बात है कि बांग्लादेश में हिन्दू कतई सुरक्षित नहीं हैं। जबकि बांग्लादेश में सदियों से बसे हिन्दुओं ने बंग बंधु शेख मुजीबुर उर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। जिस बांग्लादेश में 'हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम' जैसा जहरीला संगठन सक्रिय होगा उसका भगवान ही मालिक है। यह अपने देश के सड़क छाप लोगों को यह समझाने में सफल रहा कि इस्लाम खतरे में है। कैसे खतरे में है? कोई यह भी तो बता दे। बांग्लादेश में 90 फीसद से अधिक मुसलमान हैं।

तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास लज्जा में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की दर्दनाक स्थिति पर विस्तार से लिखाहै। इसलिए ही उनकी जान के दुश्मन हो गए यह कठमुल्ले। उसी विरोध के कारण तसलीमा को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। तसलीमा लसरीन का उपन्यास 'लज्जा' 1993 में पहली बार प्रकाशित हुआ था। वह लज्जा में साम्प्रदायिक उन्माद के नृशंस रूप को सामने लाती है। लज्जा के आने के बाद कट्टरपंथियों ने उनके खिलाफ फतवा जारी किया था। जिस कारण से वह अमेरिका चली गईं थीं। अपनी जान बचाने की गरज से तसलीमा स्वीडन, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका में भी रहीं। वह 2004 में कोलकाता आ गईं थीं। उन पर 2007 में हैदराबाद में भारत के कठमुल्लों ने हमला किया। उनसे मेरी भी मुलाकात हुई है। वह मेरे सांसद आवास में पधारी भी थीं। तब मुझे पता चला था कि बांग्लादेश में किन कठोर स्तिथियों में हिन्दू रहने को अभिशप्त हैं। भारत का विरोध करने वालों से कोई पूछे कि क्या जब भारत ने पाकिस्तान की जालिम फौजों से पूर्वी पकिस्तान को बचाया था तब उसका कोई निजी हित-स्वार्थ था। भारत ने तब मानवता के आधार पर पूर्वी पाकिस्तान की जनता की मदद की थी। लाखों बांग्लादेशियों को अपने यहां शरण भी थी। पर अगर कोई इंसान या समाज एहसान फरोमोशी पर उतर आए तो आप क्या कर सकते हैं।

बीएनपी की नेता खालिदा जिया तो घनघोर भारत विरोधी रही हैं। वह जब अपने देश की प्रधानमंत्री थीं तब वहां टाटा ग्रुप की इनवेस्टमेंट करने की योजना का कसकर विरोध हुआ था। उसे हवा बीएनपी ही दे रही थी। टाटा ग्रुप की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से की जा रही थी। टाटा ग्रुप को ईस्ट इंडिया कंपनी जैसा बताने वाले भूल गए थे कि टाटा ग्रुप भारत से बाहर दर्जनों देशों में कारोबार करता है। वहां पर तो उस पर कभी कोई आरोप नहीं लगाता। खैर,बीएनपी के भारतीय माल के बहिष्कार के आहवान का प्रधानमंत्री शेख हसीना ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा जब बीएनपी सत्ता में थी, तब मंत्रियों की पत्नियां भारत जाया करती थीं। वे वहाँ साड़ियाँ ख़रीदती थीं और इधर-उधर घूमा करती थीं...वो एक सूटकेस के साथ जाती थीं और छह-सात बक्सों के साथ लौटती थीं। शेख हसीना भी भारतीय साड़ियां पहनना पसंद करती हैं।

बांग्लादेश की स्थापना के बाद लग रहा था कि वहां पर हिन्दुओं की स्थिति सुधर जाएगी। उन्हें इंसान समझा जाएगा, पर यह हो न सका। भारत की चाहत रही है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्तासीन रहें। यानी वहां पर अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार रहे। निश्चित रूप से बांग्लादेश में शेख हसीना का सत्ता पर काबिज होना भारत और वहां के हिन्दुओं के हित में है।

## नजरिया

# क्या इस बार कच्चातिवु द्वीप बनेगा दक्षिण का चुनावी मुद्दा?

**अशोक भाटिया**

**मोबाइल 9221232130**

आरटीआई से मिले जवाब के बाद तमिलनाडु में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपे जाने का मुद्दा गरमा गया है। आरटीआई के मुताबिक, 1974 में तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया था। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के। अन्नामलाई ने द्वीप को लेकर एक आरटीआई आवेदन दिया गया था, जिसका जवाब सामने आने के बाद सियासी घमासन मच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ से अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत के दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कच्चाथीवू द्वीप का जिक्र कर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान इस द्वीप को लेकर श्रीलंका के साथ समझौता किया गया था। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली बात। नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने बेरहमी से कच्चातिवु द्वीप को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते। भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना 75 सालों से कांग्रेस का काम करने का तरीका रहा है।

वैसे भी भारतीय प्रधानमंत्री पहले भी कच्चातिवु द्वीप को लेकर कांग्रेस पर आक्रामक रहे हैं और उन्होंने पिछले साल अगस्त महीने में भी कच्चातिवु द्वीप का जिक्र कर कांग्रेस पार्टी को घेरने की कोशिश की थी। अब तो रिपोर्ट आने के बाद उन्होंने अपनी मेरठ कि सभा में हुनकर भरी कि कैसे कांग्रेस और इंडी अलायंस देश की अखंडता और देश की एकता को तोड़ते रहे हैं। आज ही कांग्रेस का एक और देश विरोधी कारनामा देश के सामने आया है। तमिलनाडु में भारत के समुद्री तट से कुछ दूर, कुछ किलोमीटर दूरी पर श्रीलंका और तमिलनाडु के बीच में समुंदर में एक टापू है, एक द्वीप है कच्चाथीवू अलग-अलग नाम भी लोग बोलते हैं। ये द्वीप सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। जब हमारा देश आजाद हुआ था तब हमारे पास था और ये हमारे भारत का अभिन्न अंग रहा है लेकिन कांग्रेस ने चार-पांच दशक पहले इसे यह कह कर दे दिया कि ये द्वीप गैर-जरूरी है, फालतू है, यहां तो कुछ होता ही नहीं है। इन्होंने मां भारती का एक अंग काट दिया और भारत से अलग कर दिया। देश कांग्रेस के रवैये की कीमत आज तक चुका रहा है।

गौरतलब है कि अगस्त 2023 मेंप्रधानमंत्री मोदी ने इस द्वीप का जिक्र करते हुए कहा था, कि कांग्रेस का इतिहास मां भारती को छिन्न-भिन्न करने का रहा है।इस बात का खुलासा भाजपा तमिलनाडु प्रमुख के अन्नामलाई की तरफ से दस्तावेजों के खुलासे के बाद आया है, जिससे यह संकेत मिलता है, कि कांग्रेस ने कभी भी छोटे, निर्जन द्वीप को ज्यादा महत्व नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार, जवाहरलाल नेहरू ने एक बार यहां तक कहा था, कि वह द्वीप पर अपना दावा छोड़ने में बिल्कुल भी संकोच नहीं करेंगे।



यह कहानी नई नहीं है और जिन परिस्थितियों में इंदिरा गांधी के शासनकाल में भारत ने 1974 में कच्चातिवुपर अपना दावा छोड़ दिया था, उसे अच्छी तरह से समझना जरूरी है। हालांकि, भाजपा के तमिलनाडु अभियान ने इसे राज्य के सबसे गर्म राजनीतिक विषयों में से एक बना दिया है।आइये जानते हैं, कि कच्चातिवुद्वीप को लेकर विवाद क्या है, खासकर तमिलनाडु राज्य की राजनीति में इस विषय पर एक बार फिर से राजनीति क्यों गर्म है?

कच्चातिवु द्वीप हिंद महासागर में भारत के दक्षिण छोर पर है। 285 एकड़ में फैला यह द्वीप भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच में बना हुआ है। 17वीं शताब्दी में यह द्वीप मदुरई के राजा रामानंद के अधीन था। अंग्रेजों के शासनकाल में कच्चातिवु द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। उस दौर में यह द्वीप मछलीपालन के लिए अहम स्थान रखता था। यही वजह थी कि भारत और श्रीलंका दोनों मछली पकड़ने के लिए इस द्वीप पर अपना-अपना दावा करते थे। आजादी के बाद समुंद्र की सीमा को लेकर 1974-76 के बीच 4 समझौते किए गए थे। समझौते के तहत भारतीय मछुआरों को द्वीप पर आराम करने और जाल सुखाने में इजाजत की गई और यह द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

यह द्वीप भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच में बना हुआ है। साल 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के बीच एक समझौता हुआ। समझौते के तहत इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप सौंप दिया था। इस समझौते को लेकर 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच बातचीत हुई थी। बैठक के बाद ही कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंपा गया। शर्त यह रखी गई थी कि भारतीय मछुआरे इसका इस्तेमाल जाल सुखाने और आराम करने के लिए करते रहेंगे। यह भी कहा गया था कि इस द्वीप पर बने चर्च में भारतीयों को बिना वीजा जाने की इजाजत नहीं होगी। और न ही भारतीय मछुआरे यहां पर मछलियां पकड़ सकेंगे।

जब इंदिरा गांधी ने श्रीलंका को यह द्वीप सौंपा को सबसे ज्यादा विरोध तमिलनाडु में हुआ था। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री करुणानिधि इसका पुरजोर विरोध किया था। इसको लेकर साल 1991 में तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव में उस द्वीप को वापस लेने की मांग की गई। इसके बाद ये मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा। साल 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कच्चातिवु द्वीप को लेकर हुए समझौते को अमान्य घोषित करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि तोहफे में इस द्वीप को श्रीलंका को देना असंवैधानिक है।कच्चातिवु द्वीप को लेकर समय-समय पर सियासी घमासान हुआ। 2011 में जब जयललिता दोबारा तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं तो उन्होंने विधानसभा में इसको लेकर प्रस्ताव पास कराया।

जब श्रीलंका में गृहयुद्ध चल रहा था उस दौरान श्रीलंकाई नौसैनिक बल, जाफना से बाहर स्थित लिट्टे की सप्लाई चेन को काटने के काम में व्यस्त थे, इसलिए भारतीय मछुआरों के लिए श्रीलंकाई जलक्षेत्र में जाना आम बात बन गई थी। जिसकी वजह से श्रीलंकाई मछुआरों में काफी नाराजगी रहती थी, क्योंकि बड़े भारतीय ट्रॉलर जहाज ना सिर्फ काफी ज्यादा मछलियां पकड़ते थे, बल्कि श्रीलंकाई मछली पकड़ने के जाल और उनकी नावों को भी नुकसान पहुंचाते थे।

साल 2009 श्रीलंकाई गृहयुद्ध खत्म हो गये और उसके बाद नाटकीय अंदाज में स्थितियां बदलने लगीं। कोलंबो ने अपनी समुद्री सुरक्षा बढ़ानी शुरू कर दी और भारतीय मछुआरों पर अब उन्होंने कार्रवाई करनी शुरू कर दी। भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारियां शुरू हो गईं और कच्चातिवुद्वीप के आसपास श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने पर सख्ती से रोक लगानी शुरू कर दी।आज तक, श्रीलंकाई नौसेना नियमित रूप से भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करती है और हिरासत में टॉर्चर करती है, जिसकी वजह से कई मछुआरों की मौत हो चुकी है। जब जब मछुआरों की मौत होती है, कच्चातिवुद्वीप को फिर से भारत में मिलाने की मांग उठने लगती है। लिहाजा, कच्चातिवुद्वीप को लेकर तामिलनाडु की राजनीति गर्म हो जाती है।

भारत के दिग्गज विदेश नीति एक्सपर्ट ब्रह्मा चेलानी ने कच्चातिवुद्वीप को श्रीलंका को देना भारत की बड़ी रणनीतिक भूल बताया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है, कि कच्चातिवुएक छोटा सा द्वीप हो सकता है, लेकिन सीमाओं को लेकर भारत के प्रधानमंत्रियों के उदारता का एक लंबा रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने कहा है, कि मणिपुर की कबाव घाटी और सिंधु जल का बड़ा हिस्सा उपहार में देने से लेकर 1954 में तिब्बत में अपने अलौकिक अधिकारों को छोड़ने और फिर 2003 में औपचारिक रूप से अपना महत्वपूर्ण तिब्बत कार्ड छोड़ने से लेकर तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र को चीन के हिस्से के रूप में मान्यता देना, भारत के प्रधानत्रियों के उदारता का ये एक लंबा रिकॉर्ड है।

उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा है, कि भारतीय कूटनीति के भोलेपन का उदाहरण 1972 का शिमला समझौता है, जिसके तहत भारत ने बगैर कुछ हासिल किए बातचीत की टेबल पर युद्ध में जो लाभ मिला था, उसे गंवा दिया। ब्रह्मा चेलानी ने अपने ट्वीट में लिखा है, कि भारत अपने इतिहास को फिर से याद कर रहा है, क्योंकि मोदी सहित लगभग हर भारतीय प्रधान मंत्री ने शासन-कला की अनिवार्यताओं को सीखने या पिछली भूलों से सबक लेने के बजाय, विदेश-नीति के पहिये को फिर से बनाने की कोशिश की है।

उनका इशारा मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में, गलवान घाटी हिंसा होने तक चीन को लेकर अपनाए गये रणनीति को लेकर था, जब मोदी सरकार ने चीन से शांति के लिए लगातार बैठकें की थी। खुद प्रधानमंत्री मोदी चीन गये थे और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का भारत दौरे के दौरान भव्य स्वागत किया गया था। लेकिन, सरकार को उस वक्त चीनी मकसद का अहसास हुआ, जब गलवान घाटी में चीनी घुस आए और हिंसक झड़प में कई भारतीय सैनिक मारे गये। अब जबकि चीन लगातार हिंद महासागर में घुसपैठ कर रहा है, लिहाजा कच्चातिवु द्वीप अब रणनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण हो गया है और सरकार से अपील की जा रही है, कि फिर से कच्चातिवु द्वीप पर भारत अपना दावा करे। फिलहाल, इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी से इतर कुछ और होने की संभावना नहीं है, लेकिन आगे भी कच्चातिवु पर दावा करना भारत के लिए आसान नहीं है, क्योंकि चीन ऐसे ही किसी मौके की तलाश में है, जब वो श्रीलंका को भारत के लिए भड़काकर हिंद महासागर में कोई और ड्रामा कर सके। अब लोकसभा चुनाव के बीच एक बार फिर यह द्वीप बहस का विषय बन गया है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री ने हाल ही में ट्वीट किया है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने 20 शहरों में निकाली कार रैली




वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका में 'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी' (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने देश के 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकालकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रति अपनी समर्थन जताया और भारत के लोगों से आगामी आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, भारतीय-अमेरिकी समुदाय मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और राजग को 400 सीट से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बेहद उत्साहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय अमेरिकी चाहते हैं कि राजग लोकसभा चुनाव में ''अब की बार 400 पार'' का लक्ष्य हासिल करे। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह कभी नहीं देखा। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, समुदाय ने ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में समन्वित रूप से आयोजित कार रैलियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया है।

अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में एक कार रैली निकाली। उन्होंने कहा कि भाजपा की जीत न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया में भी शांति एवं स्थिरता लाने के लिए समय की मांग है।

कार रैली वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में आयोजित की गई। रैली में भाग लेने वाले लोग पहले गुरुद्वारे गए और फिर रैली स्थल पर आए। कारों को भाजपा के झंडों और अमेरिकी झंडों से सजाया गया था।

# पाकिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट में पांच चीनी श्रमिकों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पिछले सप्ताह पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी नागरिकों और उनके पाकिस्तानी चालक की मौत के सिलसिले में कम से कम 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें हमले का 'मास्टरमाइंड' शामिल है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है और इसके लिए प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आतंकी समूह को जिम्मेदार ठहराया है।

हालांकि किसी संगठन ने अभी तक आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमला उस समय हुआ जब चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू स्थित अपने शिविर लौट रहे थे।

सीटीडी की सोमवार को जमा की गई एक रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने इस संबंध में छापेमारी की और एक दर्जन से अधिक आतंकवादियों और हमले में मदद करने वालों को गिरफ्तार किया। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने हमले के 'मास्टरमाइंड' हजरत बिलाल को भी गिरफ्तार कर लिया है जो अफगानिस्तान से आत्मघाती बम हमलावर को लाया था। बिलास चीनी नागरिकों पर पूर्व में हुए हमलों के मामले में भी वांछित है।

अधिकारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हिरासत में लिए गए कुछ संदिग्धों ने विस्फोटक से भरी कार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले में पहुंचाया था, जहां एक आत्मघाती हमलावर ने इसे दूसरे वाहन से टकरा दिया, जिससे चीनी नागरिकों की मौत हो गई।

# मुख्तार अंसारी से पहले भी बाहुबलियों के लिए मार्च का महीना आखिरी साबित हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। यह महज संयोग हो सकता है, लेकिन उत्तर प्रदेश में मार्च का महीना बाहुबलियों और माफियाओं को सुहाता नहीं है। माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी से पहले भी बाहुबलियों के लिए मार्च का महीना आखिरी साबित हुआ है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक जानकार ने बताया कि 1995 के बाद से लगातार कई वर्षों तक मार्च में एक आशंका बनी रहती थी कि पता नहीं, कब क्या हो जाए। अब जब एक और बाहुबली मुख्तार अंसारी की मौत मार्च के आखिरी हफ्ते में हुई तो पुरानी घटनाएं ताजा हो गईं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के लक्ष्मीपुर (अब नौतनवा-महराजगंज) विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे बाहुबली वीरेंद्र प्रताप शाही की हत्या 31 मार्च 1997 को लखनऊ में हुई थी और रविवार को शाही की 27वीं पुण्यतिथि थी।

शाही को तब उत्तर प्रदेश में आतंक का पर्याय श्रीप्रकाश शुक्ला ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारा था। गोरखपुर जिले से करीब ढाई दशक तक विधायक और कल्याण सिंह, राम प्रकाश गुप्ता, राजनाथ सिंह, मुलायम सिंह यादव और मायावती के नेतृत्व की सरकारों में कैबिनेट मंत्री रहे बाहुबली पंडित हरिशंकर तिवारी गिरोह से हुए गैंगवार में शाही के खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हुए थे, लेकिन बाद में दोनों की दुश्मनी खत्म हो गई थी। बाद में बिहार के माफिया, पूर्व सांसद सूरजभान के संरक्षण में श्रीप्रकाश शुक्ला ने ठेके पट्टे में वर्चस्व के लिए शाही के खिलाफ मोर्चा खोला। शाही की हत्या के बाद शुक्ला को पकड़ने के लिए तत्कालीन कल्याण सिंह सरकार ने विशेष कार्यबल (एसटीएफ) का गठन किया और 22 सितंबर 1998 को एसटीएफ ने शुक्ला को गाजियाबाद में मार गिराया। वीरेंद्र प्रताप शाही की हत्या से एक वर्ष पहले 25 मार्च 1996 को माफिया और गोरखपुर के मानीराम से तीसरी बार विधायक चुने गए ओम प्रकाश पासवान की उनके सात समर्थकों समेत बांसगांव की एक सभा में बम विस्फोट कर हत्या कर दी गई। मानीराम विधानसभा सीट को परिसीमन के बाद कई हिस्सों में बांट दिया गया। पासवान की हत्या से ठीक एक वर्ष पहले 25 मार्च 1995 को गोरखपुर में तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल वोरा कलेक्ट्रेट में आयोजित एक समारोह में पहुंचे थे और कार्यक्रम समाप्त होते ही अपराधियों ने पूर्वी उप्र के बाहुबली ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह की उनके सरकारी सुरक्षाकर्मी समेत हत्या कर दी।

इस घटना ने गैंगवार से मुक्त हो रहे गोरखपुर को फिर से इस बुराई में धकेल दिया। आपराधिक प्रवृत्ति के सुरेंद्र सिंह ने पिपरौली में एक परिवार को गोलियों से भून दिया था।

## पूजा अर्चना



सोनपुर में राजद प्रमुख लालू यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार मीसा भारती और सारण लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार रोहणी आचार्य के साथ सोमवार को सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

# शिल्पा शेट्टी ने 'फैब कोर' वर्कआउट का वीडियो किया शेयर, कहा- 'यह उतना आसान नहीं, जितना लगता है'

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस और फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने अपने फैब कोर वर्कआउट की एक झलक शेयर की। शिल्पा ने एक्स पर अपनी जिम फ्रेंड के साथ वर्कआउट करते हुए एक वीडियो शेयर की, जिसमें दोनों एक-दूसरे को बैलेंस करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ''वीक का फर्स्ट डे और अप्रैल का मंडे। पहले ट्राई में इस वर्कआउट को पूरा करने का एहसास भी इसमें जुड़ा। यह उतना आसान नहीं है जितना लगता है, लेकिन यह एक फैब कोर वर्कआउट है। टॉप पर बैठे व्यक्ति को पाइक परफॉर्म करना चाहिए, जबकि नीचे वाले व्यक्ति को मजबूत चुस्त फॉर्म बनाए रखते हुए वेट सिट-अप करना चाहिए।''

''यह मैंने अपनी जिम फ्रेंड यशमीन चौहान के साथ किया। इसको आप अपने उस दोस्त को टैग करें जिसके साथ आप इसे आजमाना चाहते हैं। और यदि आप ऐसा कर पाते हैं, तो मुझे टैग करना ना भूलें!'' एक्ट्रेस ने आगाह करते हुए आगे लिखा, ''इस वर्कआउट के लिए एक ताकतवर सहयोगी की जरुरत होती है, इसलिए इसे कम अभ्यास किए हुए लोग ट्राई ना करें।'' वर्कफ्रंट की बात करें तो, शिल्पा जल्द ही कन्नड़ एक्शन फिल्म 'केडी- द डेविल' में दिखाई देंगी, जो प्रेम द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म है। इसमें ध्रुव सरजा, वी रविचंद्रन, रमेश अरविंद, रेशमा ननैय्या, जिशु सेनगुप्ता और संजय दत्त भी हैं।



# द्वितीय विश्वयुद्ध के नायकों में से एक सूबेदार थानसिया का निधन

नई दिल्ली/भाषा। भारतीय सेना की ओर से द्वितीय विश्वयुद्ध में अदम्य साहस का प्रदर्शन करने वाले सूबेदार थानसिया का 102 साल की उम्र में निधन हो गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। थानसिया ने कोहिमा की लड़ाई में अहम योगदान दिया और मित्र राष्ट्र की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। सेना के भूतपूर्व सैनिक मूल रूप से मिजोरम के निवासी थे और 31 मार्च को उन्होंने अंतिम सांस ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, उनके उल्लेखनीय जीवन को कोहिमा की लड़ाई में उनकी वीरता, द्वितीय विश्व युद्ध के अहम मोर्चे पर उनकी भूमिका और जेसामी में उनकी महत्वपूर्ण तैनाती के दौरान पहली असम रेजिमेंट की विरासत को स्थापित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के रूप में परिभाषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपनी पूरी सेवा के दौरान सूबेदार थानसिया ने राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की ''दायित्व से आगे बढ़कर कार्य किया, उन्हें भारत के सैन्य इतिहास में एक श्रद्धेय स्थान प्राप्त है। सेना ने कहा, भारत भारतीय सेना की असम रेजिमेंट के द्वितीय विश्व युद्ध का विशिष्ट अनुभव रखने वाले सूबेदार थानसिया के निधन पर शोक व्यक्त करती है।

# अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म 'शूटबाइट' हो सकती है रिलीज!

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शूीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनायी थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अबतक रिलीज नहीं हुयी है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनायी ।शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा,शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी। फिल्म शूबाइट में ओवरड्रामा नहीं है बल्कि इस फिल्म में तो शांति से सिर्फ एक्सप्रेशन्स समझने का सीन है। 'शूबाइट अमिताभ बच्चन के साथ मेरा पहला सहयोग था।अमिताभ बच्चन अपने डायलॉग्स की वजह से जाने जाते हैं लेकिन इस फिल्म में वे ज्यादा संवाद करते नहीं दिखेंगे।हम चीजों को सुलझाने के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन यह काफी मुश्किल है। मुझे उम्मीद है कि इसका समाधान निकलेगा और हम शूबाइट को रिलीज कर सकेंगे।

# ऋषभ पंत को लेकर फिर ट्रोल हुईं उर्वशी रौतेला

मुंबई/एजेन्सी



मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं। उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं।

इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की।

सोमवार को, उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ''यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा... पॉजिटिविटी फैलाओ।

जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है।'' वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एन्जॉय कर रही हैं, और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

# 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' फेम क्रेग मैक्रे ने 'बड़े मियां छोटे मियां' में एक्शन किया डिजाइन

मुंबई/एजेन्सी




अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में एक्शन फेमस कोरियोग्राफर क्रेग मैक्रे द्वारा डिजाइन किया गया है। क्रेग को 'मैड मैक्स: फ्यूरी रोड' और 'एवेंजर्स: एज ऑफ अल्ट्रॉन' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। हिंदी सिनेमा में, उन्होंने शाहरुख खान-स्टारर 'जवान', 'पठान' और ऋतिक रोशन-स्टारर 'वॉर' जैसी फिल्में भी की हैं, जिसमें टाइगर श्रॉफ भी थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' में एयरक्राफ्ट पर दिल दहला देने वाले स्टंट से लेकर फाइट सीक्वेंस तक, दर्शकों को हैरान करने वाले सीन्स देखने को मिलेंगे।

फिल्म की एक्शन कोरियोग्राफी के बारे में बात करते हुए, प्रोड्यूसर जैकी भगनानी ने कहा, ''हम अपने एक्शन सीक्वेंस के साथ ऑडियंस को सिनेमैटिक एक्सपीरियंस देना चाहते हैं। मुझे अली के विजन पर पूरा विश्वास था और आप फिल्म में जो देखेंगे, वह कोलैबोरेशन का नतीजा है।'' फिल्म में मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी हैं। एएजेड फिल्म्स के सहयोग से वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, 'बड़े मियां छोटे मियां' अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित है। इसका निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# सैयामी खेर ने साइकिलिंग-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस सैयामी खेर ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के बीच मुंबई में साइकिल चालकों की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। एक्ट्रेस ने मेट्रो ट्रैक, फ्लाईओवर और तटीय सड़कों के निर्माण के चलते सिकुड़ती जा रही सड़कों से पैदा हुईं चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, सुरक्षित सवारी के लिए बहुत कम जगह बची है। सैयामी ने कहा, दुर्घटनाओं और असुरक्षित वातावरण का सामना करने वाले साइकिल चालकों की संख्या बढ़ रही है। पूरे शहर, हर बड़ी और छोटी सड़क को खोद दिया गया है, जिससे साइकिल चालकों के लिए चलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, इससे न केवल असुविधा हो रही है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, बल्कि इसके कारण लोगों की मौत भी हुई है, ये वास्तव में चौंकाने वाला है। एक्ट्रेस ने कहा कि हर शहर में खुली हवा में फिटनेस ऑप्शन्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए, जिनमें से कई लोगों के लिए साइकिल चलाना एक अच्छा ऑप्शन है, और यह जानना कि यह खतरनाक हो सकता है, वास्तव में दुखद है।'' उन्होंने कहा, अधिकारियों को और बेहतर करने की जरूरत है, मौजूदा हालात को देखते हुए मुंबई की खुली जगह हेल्थ और फिटनेस के लिए मौजूदा परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। एक साइकिल चालक के रूप में, सैयामी साइकिल चलाते समय सुरक्षा गियर पहनने और सावधानी बरतने के महत्व पर जोर देती हैं।

# फिल्म 'अर्जुन उस्तारा' में काम करेंगे कार्तिक आर्यन

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता कार्तिक आर्यन, निर्देशक विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म अर्जुन उस्तारा में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कार्तिक आर्यन ने विशाल भारद्वाज के साथ एक थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत की है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस करने वाले हैं।विशाल ,कोरोना महामारी से पहले इस फिल्म को बनाने वाले थे, लेकिन कई मुद्दों के चलते उन्होंने कुछ समय के लिए इस फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। विशाल भारद्वाज पहले इरफान खान के साथ यह फिल्म बनाने वाले थे।

कहा जा रहा है कि फिल्म अर्जुन उस्तारा को विदेशों में बड़े स्केल पर शूट किया जाएगा। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग स्पेन और ग्रीस में की जाएगी। इस फिल्म का बजट करीब 150 करोड़ के आसपास होगा।कहा जा रहा है कि फिल्म में कार्तिक जबरदस्त एक्शन करेंगे।



# 'क्रू' ने शुरुआती सप्ताहांत में 62.53 करोड़ रुपये की कमाई की

मुंबई/एजेन्सी

तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सैनन अभिनीत 'क्रू' फिल्म ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में दुनिया भर के सिनेमा घरों की टिकट खिड़की पर 62.53 करोड़ रुपये की कमाई की।

निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को रिलीज इस कॉमेडी फिल्म ने तीसरे दिन 21.40 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा भी अहम किरदार में हैं। 'लूटकेस' फिल्म से मशहूर हुए राजेश ए कृष्णन द्वारा निर्देशित 'क्रू' में तीन एयर होस्टेस की कहानी दिखाई गई है, जनका किरदार तब्बू, करीना और कृति ने निभाया है। फिल्म में दिखाया गया है कि ये तीनों एयरलाइन के आर्थिक रूप से खस्ताहाल होने की खबरों के बीच वेतन नहीं मिलने पर अपने गुजारे के लिए किस तरह संघर्ष करती हैं। निर्माता कंपनी 'बालाजी मोशन पिक्चर्स' ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर फिल्म की कमाई की जानकारी साझा की। पोस्ट में कहा, ''दुनियाभर के सिनोमा घरों की टिकट खिड़की पर फिल्म ने पिछले तीन दिनों में 62.53 करोड़ रुपये की कमाई की।''

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.


'अपने व्यापार के लिए अपनी मातृभूमि से सुदूर कर्नाटक के विभिन्न दूर दराज क्षेत्रों में बसे प्रवासियों का आपस में मिलन यदा-कदा ही होता है और ऐसे में आपसी संबंधों की कड़ी को जोड़ने में स्नेह-मिलन जैसे आयोजन कारगार सिद्ध हो रहे है।



## बानसवाड़ी सेवा संघ ने हर्षोल्लास से मनाया होली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय बानसवाड़ी सेवा संघ कर्नाटक ने रविवार को गोभक्त पुखराज महाराज के सान्निध्य में महादेवपुरा स्थित दोड्डनिकुंदी गौशाला में होली स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का टीका लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। संघ के पुराराम परिहार ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण के साथ हुई।

हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। इस अवसर पर बानसवाड़ी गैर नृत्य मंडल के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। महिलाओं ने भी गीत-संगीत व नृत्य का आनन्द लिया और बच्चों ने अपने पसंदीदा खेलों के जरिए जमकर मस्ती की। संघ के अध्यक्ष भीमसिंह राजपुरोहित ने अतिथियों एवं सदस्यों सहित समारोह में उपस्थित सब लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर संघ के संस्थापक भवानीशंकर पारीक, पूर्व अध्यक्ष ओगड़राम चौहान, सलाहकार मोतीलाल जैन, नरेंद्र ओझा, सचिव वेनाराम पटेल, उप सचिव ओमप्रकाश जाट, कोषाध्यक्ष गंगासिंह जाट, उपकोषाध्यक्ष पुराराम परिहार, सवाईसिंह राजपुरोहित, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जगदीश चोयल, धाराराम जाट सहित विभिन्न प्रवासी समाजों के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





## स्नेह-मिलन आयोजन से आपसी संबंधों में मजबूती आती है : सियाल

### सोजत रोड़ प्रवासियों का स्नेह-मिलन सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'अपने व्यापार के लिए अपनी मातृभूमि से सुदूर कर्नाटक के विभिन्न दूर दराज क्षेत्रों में बसे प्रवासियों का आपस में मिलन यदा-कदा ही होता है और ऐसे में आपसी संबंधों की कड़ी को जोड़ने में स्नेह-मिलन जैसे आयोजन कारगार सिद्ध हो रहे है।' यह विचार सोजत रोड़ जैन संघ, कर्नाटका के प्रथम स्नेह मिलन आयोजन के अवसर पर संघ के अध्यक्ष संतोष सियाल ने व्यक्त किए। शहर के गणेश बाग में आयोजित स्नेह मिलन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के स्नेह मिलन से सदस्यों के सामाजिक व व्यापारिक संबंधों पर अनुकूल प्रभाव देखने को मिलेंगे। उन्होंने सभी का स्वागत किया। स्नेह मिलन की शुरुआत सुमन कोठारी एवं निशा सुराणा के नवकार प्रस्तुति से हुई। संघ के मार्गदर्शन देवीचंद बोहरा, उगमराज फूलफगर, सुरेश गुन्देचा व धर्मीचंद धारीवाल, अध्यक्ष संतोष सियाल, कार्याध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी, विशेष अतिथि के रूप में चेन्नई संघ के अध्यक्ष रामचन्द्र मरलेचा, महामंत्री निर्मल नाहटा व कोषाध्यक्ष मदनलाल आच्छा तथा सोजतरोड़ तेरापंथ संघ अध्यक्ष सोहनलाल रायसोनी ने द्वीप प्रज्वलन कर आयोजन की विधिवत्त शुरुआत की।

कार्याध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी ने कहा कि कर्नाटक में बसे सोजत रोड़ प्रवासियों को एक सूत्र में पिरोकर उनके सामाजिक उत्थान को गति देना इस संघ का प्रमुख उद्धेश्य है। सोजतरोड़ प्रवासी संघ तमिलनाडु की ओर से बोलते हुए महामंत्री निर्मल नाहटा ने पूरे भारत के सोजतरोड़ प्रवासियों के एक महासंघ गठन पर जोर दिया। संचालन करते हुए संघ के मंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने कहा कि निश्चित ही संघ गठन के सामाजिक एवं व्यापारिक सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में शिक्षा, सेवा, कला, पेशा इत्यादि क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को सम्मानित किया गया। संघ उपाध्यक्ष किरणराज कोठारी एवं कोषाध्यक्ष रमेशकुमार गांधी ने अपने विचार व्यक्त किए। सहमंत्री सुरेंद्र गुन्देचा ने बताया कि इस आयोजन में महिला व बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया। विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। आयोजन में बेंगलूरु के साथ मंड्या, मैसूर, दावणगेरे, अरसीकेरे, शिव्वमोग्गा, भद्रावती, केजीएफ आदि शहरों से सदस्यों ने भाग लिया। भरत गांधी, देवराज कोठारी, उगमराज गांधी, रमेश गुन्देचा, विनोद गुन्देचा, रमेश गुन्देचा, मांगीलाल बोहरा, अजीत गांधी, निखिल गुन्देचा, ऋषभ गांधी, निखिल गांधी, हीनल बोहरा, वंशिका गांधी, मनमीत बोहरा ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं संभाली। सुरेशचंद गुन्देचा ने आभार व्यक्त किया।

## कांठा प्रांत विजयनगर मंडल का होली स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांठा प्रांत विजयनगर मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन का आयोजन चंद्रशेखर आजाद वेदिके मैदान में रविवार को किया गया जिसमे विजयनगर क्षेत्र के विधायक एम. कृष्णाप्पा मुख्य अतिथि, प्रदीप कृष्णा यूथ आइकॉन विशेष अतिथि तथा कांठा प्रांत के महेन्द्र,हंसराज व आनंद मुणोत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर महेन्द्र मुणोत ने होली के महत्व को बताते हुए अपने बचपन की यादों को ताजा करते हुए राजस्थान में होने वाली होली का ज़िक्र किया तथा प्रेम, अपनापन एवं सौहार्द बढ़ाने वाले इस त्यौहार पर सबको आपसी सामंजस्य से रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में ललितकुमार जतिनकुमार गांधी, खिंवराज अन्नराज सुरेशकुमार भंडारी परिवार का विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम मे गैर नृत्य के साथ सभी के लिए मनोरंजन गेम्स एवम मैजिक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों, तपस्वियों व प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस मौके पर मंडल की महत्वाकांक्षी परियोजना के केपीवीएम एप्प का अतिथियों द्वारा अनावरण किया गया। कार्यक्रम में विजयनगर क्षेत्र के अनेक कांठा प्रांत प्रवासी परिवारों का सहयोग रहा।



## बेंगलूरु जीतो ने मनाया अपना 18 वाँ स्थापना दिवस

### आयोजन में बही भक्ति गीतों की सरिता, दोहराई गई कार्य प्रतिबद्धता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। समाज की शिक्षा, सेवा एवं आर्थिक सुदृढ़ता के उद्धेश्य को लेकर गठित जीतो बेंगलूरु की दोनों चैप्टर ने जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) का 18 स्थापना दिवस समारोह पैलेस ग्राउंड स्थित व्हाइट पेट्ल्स सभागार में मनाया। कार्यक्रम में सामुदायिक कल्याण के प्रति जीतो की प्रतिबद्धता, समाज की बेहतरी के लिये सदस्यों के बीच सहयोग तथा विभिन्न योजनाओं को हर एक सदस्यों तक पहुंचाने की झलक साफ़-साफ़ दिखी। स्थापना दिवस कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत जीतो ध्वज के ध्वजारोहण से हुई जिसमें जीतो अपेक्स निदेशकों, साउथ-नॉर्थ पदाधिकारियों, प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ-साथ महिला विंग और युवा विंग के प्रतिनिधियों, पूर्व निदेशकों, पूर्व अध्यक्षों और विभिन्न विंगों के सदस्यों सहित विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

जीतो बेंगलूरु साउथ के अध्यक्ष दिनेश बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए व्यवसायिक विकास, कौशल वृद्धि और सामुदायिक कल्याण की दिशा में जीतो के बहुआयामी प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जेबीएन रेफरल मीटिंग, पक्ष मंच, जेआईआईएफ के माध्यम से निवेश के अवसर, शैक्षणिक छात्रवृत्ति, रोजगार सहायता और सरकारी योजनाओं पर जागरूकता सत्र सहित विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। उन्होंने जैन बंधु परियोजना और श्रमण आरोग्यम परियोजना जैसी प्रमुख परियोजनाओं की सफलता पर भी जोर दिया। जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने संयुक्त सदस्यता में भारत के सबसे बड़े अध्याय के रूप में शहर के दोनों जीतो चैप्टर के बीच सहयोगात्मक भावना पर जोर दिया तथा जैन समुदाय की बेहतरी के लिये साझा कार्यक्रमों में जीतो की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जीतो बैंगलोर के पूर्व अध्यक्षों तेजराज गुलेच्छा, प्रकाशचंद सिंघवी, राजेंद्र गांधी, पारस भंडारी, श्रीपाल खिवेंसरा और अशोक नागोरी ने अपने विचार व्यक्त किए। श्रमण आरोग्यम के अध्यक्ष रमेश हरण ने योजना की विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने सदस्यों से श्रमण आरोग्यम कार्ड के लिए जीतो के मुंबई कार्यालय को विवरण प्रदान करने का आग्रह किया। जीतो केकेजी जोन के अध्यक्ष अशोक सालेचा ने जीतो की विभिन्न योजनाओं के तहत दोनों अध्यायों तथा अन्य विंगों द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

आयोजन संयोजक सुभाषचंद खिवेसरा व संजय भंडारी, सह-संयोजक नितिन कटारिया और कोमल भंडारी ने बताया कि आयोजन में इंदौर के गायक कलाकारों ऋषभ जैन व सौरभ जैन ने तीर्थंकर परमात्मा पर भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस मौके पर लगभग एक हजार श्रोताओं ने प्रभु भक्ति का आनंद उठाया। भोजन समिति का नेतृत्व राजेश इसरानी, अशोक भंडारी और प्रकाश लुनावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन सौरभ कपूर ने किया। जीतो साउथ महामंत्री दीपक श्रीश्रीमाल एवं नॉर्थ महामंत्री सुधीर गादिया ने आभार व्यक्त किया।





## कर्नाटक रौनियार वैश्य समाज के होली मिलन में उड़ी प्रेम की गुलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक रौनियार वैश्य समाज के सदस्यों ने रविवार को बोम्मनहल्ली स्थित स्पाइस गार्डन में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया जिसमें समाज के 100 से ज्यादा सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया। इस सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर पर लोगों ने मिलकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में समाज के अनेक वरिष्ठजन व सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर चेयरमैन ओमप्रकाश गुप्ता व अध्यक्ष जयकिशोर गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने समृद्धि, खुशहाली, समाज में एकता और समरसता का संदेश दिया। सुमितकुमार, पूनम गुप्ता, आरएस प्रसाद, अनिता गुप्ता, नकुल शॉ, ममता कुमारी आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। स्नेह मिलन में सदस्य परिवारों के लिए अनेक सांस्कृतिक व मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जिसका सभी ने खूब आनंद उठाया। इस आयोजन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों व अतिथियों का सम्मान किया। अनामिका कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया।



## हुब्बल्लीवासियों ने अहिंसा दौड़ में दिया अहिंसा व शांति का संदेश


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। जीतो के हुबली चैप्टर द्वारा आयोजित अहिंसा दौड़ में लगभग 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें धारवाड़ से फिट फीट नामक धावकों का एक समूह भी शामिल था।। अहिंसा व शांति के लिए लोग 10, 5, 3 किलोमीटर दौड़े। धावकों ने उत्साह से दौड़ में भाग लिया तथा अपने अपने तरीके से शांति व अहिंसा का संदेश दिया। इस मौके पर सेवानिवृत्त एसीपी बदीगर ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कर दौड़ को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर सेवानिवृत्त सीपीआई श्यामराव सज्जन भी मौजूद थे। जीतो के अध्यक्ष अनिलकुमार ने दुनिया में अहिंसा के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर प्रकाश कोठारी, वीरेंद्र छेड़ा, पूरन नाहटा, सुरेश जैन, भरत पटवारी, प्रवीण चौधरी, गीता छेड़ा, शीतल शाह, नवीन खिवेसरा, संगीता जैन, ललिता जैन, राजन जैन, आशीष नाहटा, धर्मेंद्र जैन, अंकित जैन, अक्षय जैन सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## समणी सेन्टर में आज प्रारंभ होगा वर्षीतप

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। श्रेयांस पारणा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को सुबह 9.15 बजे श्रीरामपुरम स्थित जेपीपी. जैन समणी सेंटर में उपप्रवर्तकश्री नरेशमुनिजी, शालिभद्रजी, साध्वीश्री विपुलदर्शनाजी, उपप्रवर्तिनी डॉ. दर्शनप्रभाजी, श्री मणिप्रभाजी, आगमश्रीजी, राजमतीजी आदि की प्रेरणा व उपस्थित चारित्रआत्माओं के मुखारविंद से प्रवचन एवं वर्षीतप एकांतर तप के तपस्वियों को पचक्खाण कराकर तप का शुभारंभ कराया जाएगा।



## संतों का हर कार्य व सामग्री मंगलकारी है : आचार्य महेन्द्रसागर

शाहपुर(यादगिरि)/दक्षिण भारत। शहर के अनंतनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने अपने प्रवचन में कहा कि साधुओं की साधन सामग्री से धर्म की वृद्धि होती है, क्योंकि उनके साधनों का उपयोग मंगल क्रियाओं के लिए होता है। संतों के सभी साधन मंगल है। केवल साधन उपकरण ही नहीं, साधु स्वयं मंगल है। उसकी देह मंगल है। उसकी काया से हो रही हर क्रिया मंगल है। वे चले तो चलने से जमीन पर पड़े हर मंगल है। वे बोलते है वो वाणी भी मंगल है। साधु जीवन की साधना तो मंगल है ही किन्तु साधनों से होती क्रिया भी मंगल होती है। जो खुद मंगल है उस मंगल के दर्शन भी मंगल स्वरूप है।





## राजस्थान वेलफेयर एसोसिएशन महादेवपुरा का होली स्नेह मिलन आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय राजस्थान वेलफेयर एसोसिएशन महादेवपुरा का प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह रविवार को महावीर गौशाला में आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र सम्मुख दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत पुखराज महाराज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा भाजपा प्रत्याशी पी.सी.मोहन एवं राष्ट्रीय एकता मंच के अध्यक्ष उदयकुमार सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसद पी.सी.मोहन ने स्नेह मिलन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतंत्र के उत्सव लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्वपटल पर बड़े सम्मान के साथ लिया जा रहा है। भारत विकास की ओर द्रुतगति से अग्रसर हो रहा है। संत पुखराज महाराज ने अपने धार्मिक प्रवचनों में कहा कि गौसेवा में सर्वकल्याण की अवधारणा छिपी है। आज समाज को अपने बच्चों में संस्कार और संस्कृति का ज्ञान देने की आवश्यकता है। एकता मंच के उदय सिंह ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द बढ़ता है।

सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। इस मौके शैतानसिंह राजपुरोहित, रमेश पटेल, गोविंदलाल प्रजापति, प्रकाश सीरवी, मोहन देवासी, मयूर जैन, जयराम प्रजापत, रमेश प्रजापत, भूपेश कश्यप, गोविंदसिंह सहित सैकड़ों राजस्थानी समाज के लोग उपस्थित थे।

### सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के कनकपुरा स्थित एक रिसोर्ट में माली समाज कांठा प्रांत चौटाला पाली जिले की ओर से होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आशापुरा माता मंदिर गैर मंडल के सदस्यों ने होली गीतों पर गैर नृत्य किया। इस मौके पर महेंद्र मुणोत ने उपस्थित लोगों से अपील की कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में लोकतंत्र का उत्सव आ रहा है, उस दिन सभी लोगों को अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करना चाहिए।


डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### सहयोग

बेंगलूरु के स्थानीय राउंड टेबल इंडिया ने 'शिक्षा के माध्यम से स्वतंत्रता' अभियान के तहत बेंगलूरु नॉर्थ राउंड टेबल 25 (बीएनआरटी), बेंगलूरु नॉर्थ लेडीज़ सर्कल14(बीएनएलसी) के सहयोग से सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय, करनाला, दोड्डाबल्लापुर में 2 कक्षाओं और 2 शौचालय ब्लॉकों का उद्घाटन किया। इस परियोजना की कुल लागत 22लाख 86 हजार रुपए है। परियोजना के तहत स्कूल में बेंच, पंखे, लाइट और बोर्ड आदि का सहयोग किया गया।

## न्यायालय ने सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

चेन्नई/नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले के संबंध में पिछले साल गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सोमवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया।

मद्रास उच्च न्यायालय ने 28 फरवरी को बालाजी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संदेश जाएगा और यह वृहद जनहित के खिलाफ होगा। उसने कहा था कि चूंकि याचिकाकर्ता (आरोपी) लगभग आठ महीने से हिरासत में है, इसलिए धन शोधन मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत को दैनिक आधार पर सुनवाई कर इसे तीन महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए जाते हैं।